भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (संक्षेप में अधिनियम, 1925) वसीयती तथा निर्वसीयती उत्तराधिकार संबंधी विधि का समेकन करता है इसके पूर्व उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अधिनियम, 1889 प्रचलन में था जिसको अधिनियम, 1925 द्वारा निरसित किया गया लेकिन निरसित अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों को अधिनियम, 1925 में उचित स्थान भाग 10 तथा धारा 214 के अंतर्गत प्रदान किया गया है। अधिनियम, 1925 की धारा 370 से 390 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अनुदत्त करने के संबंध में उपबंध करती है जो गैर हिन्दुओं के संबंध में भी लागू है। न्यायदृष्टांत ***निर्मला बाई विरूद्ध नित्यगोपाल, 2009 (2) एमपीएलजे 90*** के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का उद्देश्य संपत्ति पर स्वत्व का निर्धारण करना नहीं है अपितु यह निर्धारित करना है कि उस संपत्ति की अभिरक्षा किसको दी जानी चाहिए। मृतक के निकट उत्तराधिकारी के निर्धारण हेतु प्रमाण पत्र अनुदत्त करने का न्यायालय का अंतिम निर्णयन नहीं होता है बल्कि तत्संबंधी प्रमाण पत्र तो प्राप्तकर्ता को यह अधिकारिता प्रदान करता है कि वह ऋण या प्रतिभूति की राशि प्राप्त करके उसके वैध ऋण या प्रतिभूति का उन्मोचन कर सके और जहां आवश्यक हो वह राशि उन व्यक्तियों को सौंपे जो उसको प्राप्त करने के वैध रूप से हकदार हो। व्यक्ति के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अनुदत्त करने के कारण वह व्यक्ति उस राशि के सम्बंध में जो मृतक को देय थी, न्यासी बन जाता है जिसका कार्य मृतक को देय राशि का उसके वारिसों तथा उत्तराधिकारियों में वितरण करना होता है। इससे उसको कोई प्रास्थिति प्राप्त नहीं होती है। यह मृतक तथा व्यक्ति के बीच संबंध को प्रमाणित नहीं करता है। न्यायदृष्टांत ***आशीष कुमार विरूद्ध लीला बाई, 2002(3) एमपीएलजे 110*** एवं ***रमेश चंद विरूद्ध शंकुतला देवी, 2001 (1) एमपीएलजे 46*** के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संक्षिप्त जांच के उपरांत अनुदत्त किया जाना है इसको पृथक सिविल वाद द्वारा चुनौती दी जा सकती है। सिविल न्यायालय का निर्णय प्रमाण पत्र के संबंध में अधिभावी प्रभाव रखता है।

1. संपत्ति चल अथवा अचल – न्यायदृष्टांत ***विशालाक्षी विरूद्ध बैंक ऑफ इंडिया, एआईआर 2006 केरला 255*** के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र केवल चल संपत्ति के संबंध में अनुदत्त किया जा सकता है यह अचल संपत्ति के संबंध में अनुदत्त नहीं किया जा सकता है। यदि अधिनियम, 1925 की धारा 214, 370 तथा 372 की शब्दावली का अर्थान्वयन किया जाये तो यह स्पष्ट होता है कि उत्तराधिकार प्रमाण पत्र केवल मृतक द्वारा वसूलनीय ऋण या प्रतिभूति प्राप्त करने हेतु ही अनुदत्त किया जा सकता है जो मुख्य रूप से उन ऋणों तथा प्रतिभूतियों के संबंध में मृत व्यक्ति के उत्तराधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करता है। अधिनियम, 1925 की धारा 370 की उपधारा 2 के अनुसार प्रतिभूति के अन्तर्गत किसी सरकार का वचन पत्र, डिबेन्चर या स्टॉक, किसी कम्पनी या निगमित संस्था का डिबेन्चर, स्टॉक या शेयर, स्थानीय प्राधिकारी द्वारा जारी डिबेन्चर या अन्य प्रतिभूति जिसे राज्य सरकार प्रतिभूति के रूप में घोषित करे, आती है किन्तु भाग 10 में कहीं भी ऋण को परिभाषित नहीं किया गया। कोई संपत्ति ऋण अथवा प्रतिभूति के अंतर्गत आती है या नहीं इसका निर्धारण प्रमाण पत्र अनुदत्त करने हेतु आवश्यक शर्त है।

2. न्यायालय का क्षेत्राधिकार – अधिनियम, 1925 के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के संबंध में दो प्रकार के क्षेत्राधिकार की बात की गई है पहला वह न्यायालय किस संवर्ग का होगा जहाँ आवेदन प्रस्तुत किया जाना है तथा दूसरा किस स्थानीय अधिकारिता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। अधिनियम, 1925 की धारा 371 के अनुसार प्रमाण पत्र के लिये आवेदन हस्ताक्षरित और सत्यापित आवेदन के द्वारा ऐसे जिला न्यायाधीश, जिसकी अधिकारिता के भीतर मृतक अपनी मृत्यु के समय मामूली तौर पर निवास करता था या यदि उस समय उसका कोई नियत निवास स्थान नहीं था तो वह जिला न्यायाधीश जिसकी अधिकारिता के भीतर मृतक की संपत्ति का कोई भाग पाया जाता है, को किया जायेगा। यहां संपत्ति चल अथवा अचल हो सकती है। न्यायदृष्टांत ***सावित्री विरूद्ध चंद्रकला, 2005 एमपीएलजे 455*** के अनुसार स्थानीय अधिकारिता तय करने में मृतक की मृत्यु का स्थान सुसंगत नहीं होता है। इसके अतिरिक्त स्थानीय अधिकारिता के संबंध में न्यायदृष्टांत ***सोमवती तिवारी विरूद्ध सर्वसाधारण, 2003 (3) एमपीएलजे 512*** भी अवलोकनीय है। अब जहां तक न्यायालय के संवर्ग का संबंध है धारा 371 जिला न्यायाधीश को प्रमाण पत्र के संबंध में कार्यवाही करने का क्षेत्राधिकार देती है। व्यवहार न्यायालय अधिनियम, 1958 की धारा 10(2) के अनुसार उच्च न्यायालय साधारण या विशेष आदेश के द्वारा अधिनियम, 1925 के भाग 10 के संबंध में जिला न्यायाधीश के अधिकारों के प्रयोग की शक्ति उससे निम्न श्रेणी के न्यायाधीश को प्रदान कर सकता है। धारा 388 के अनुसार राज्य सरकार ऐसे जिला न्यायाधीश के कृत्य को करने की शक्ति उससे अपर श्रेणी के किसी न्यायालय को राजपत्र में अधिसूचना द्वारा प्रदान कर सकती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिसूचना क्रमांक–II–7375–XXI–बी–58 दिनांक 01.01.1959 के माध्यम से सिविल जज, वर्ग–1 को अधिनियम, 1925 के भाग 10 के अन्तर्गत कार्य करने की शक्ति प्रदान की गई है। अतः मध्यप्रदेश राज्य में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अनुदत्त करने की अधिकारिता सिविल जज, वर्ग–1 (अब सिविल जज वरिष्ठ खण्ड) के न्यायालय को प्राप्त है।

3. न्यायालय फीस – न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 की प्रथम अनुसूची का अनुच्छेद 12 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पर देय न्यायालय फीस से संबंधित है। धारा 379 प्रमाण पत्र पर न्यायालय की फीस के संग्रहण की रीति बताती है जिसके अनुसार आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाते समय आवेदक को न्यायालय फीस अधिनियम के अनुच्छेद 12 के अनुसार संदेय फीस के समतुल्य राशि जमा करनी होती है और यदि आवेदन स्वीकार किया जाता है तो न्यायालय के निर्देश के अधीन आवेदक द्वारा जमा राशि को फीस के भुगतान हेतु स्टाम्प क्रय करने में व्यय किया जाता है। यदि आवेदन अस्वीकार किया जाता है या आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है तो बची हुई राशि को आवेदक को प्रतिदत्त कर दिया जाता है। व्यवहार न्यायालय नियम, 1961 के नियम 434 के अनुसार फीस की गणना संबंधित संपत्ति की वास्तविक राशि या मूल्य पर की जायेगी इस प्रकार स्पष्ट है कि आवेदन पर लगने वाली फीस आवेदन पत्र की विषय वस्तु के मूल्य के आधार पर तय होगी और ऐसे मूल्य के आधार पर अनुच्छेद 12 के अनुसार निर्धारित न्यायालय द्वारा फीस के समतुल्य राशि आवेदक द्वारा न्यायालय में प्रारंभ में ही जमा की जायेगी। यदि आवेदक द्वारा सम्पत्ति के किसी अंश के सबंध में प्रमाण पत्र मांगा जाता है तो न्यायालय द्वारा फीस का निर्धारण उतने अंश के अनुसार किया जायेगा। कभी–कभी न्यायालय के समक्ष ऐसी परिस्थिति निर्मित हो जाती है कि आवेदन प्रस्तुत किये जाते समय न्यायालय फीस का भुगतान संभव नहीं हो पाता है ऐसी स्थिति में न्यायदृष्टांत ***ऊषा विरूद्ध राज्य, एआईआर***

1993 एमपी 41 के अनुसार न्यायालय फीस का भुगतान प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने के समय भी किया जा सकता है। यहां ध्यान रखना आवश्यक है कि फीस के भुगतान हेतु न्यायिक स्टाम्प का प्रयोग किया जाता है तथा वर्तमान में फीस का भुगतान ऑनलाईन भी किया जा सकता है।

4. आवेदन के पक्षकार/प्ररूप – सामान्य रूप से अनावेदक के रूप में उन सभी व्यक्तियों को पक्षकार बनाना चाहिये जो उस संपत्ति में हित रखते हैं। केवल सर्वसाधारण को पक्षकार बनाने से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत की पूर्ति नहीं होती है। न्यायदृष्टांत ***गिरिजा बाई विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य, आईएलआर 2008 एमपी 1167*** में शासकीय सेवक की मृत्यु उपरांत उसके द्वारा शासकीय अभिलेख में नामित व्यक्ति को पक्षकार के रूप में जोड़े बिना सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को विधि अनुसार नहीं ठहराया गया। इसके अतिरिक्त धारा 373 न्यायाधीश को यह विशेष अधिकार प्रदान करती है कि वह उस व्यक्ति पर भी आवेदन की तामील करवा सकता है जिसे सुना जाना उसकी राय में आवश्यक हो। आवश्यक पक्षकार को जोड़े जाने का आदेश न्यायालय स्वप्रेरणा से भी कर सकता है। अधिनियम, 1925 की अनुसूची दो में आवेदन का कोई प्ररूप नहीं दिया गया है किन्तु धारा 372 आवेदन के हस्ताक्षरित एवं सत्यापित रूप में प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा करती है तथा आवेदन की अर्न्तवस्तु के संबंध में उल्लेख करती है।

5. आवेदन पर प्रक्रिया – आवेदन प्रस्तुत होने पर उसे एमजेसी प्रकरण में पंजीवद्ध नहीं किया जाना है क्योंकि व्यवहार न्यायालय नियम, 1961 के नियम 372 में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन का उल्लेख नहीं है। अधिनियम, 1925 के अधीन जो आवेदन प्रस्तुत किये जाते है उनके संधारण हेतु नियम 373 प्रावधान करता है जिसके अनुसार आवेदन पत्रों का पृथक रजिस्टर संधारित किया जाना होता है। अधिनियम, 1925 की धारा 373 प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने की प्रक्रिया बताती है जिसके अनुसार प्रमाण पत्र के अधिकार का संक्षिप्त रीति से विनिश्चय किया जाना होता है और इस प्रकार के विनिश्चय हेतु अनावेदक/ अनावेदकगण को यथोचित रीति से सूचना देकर सर्वोत्तम हक रखने वाले व्यक्ति का विनिश्चय किया जाता है। न्यायदृष्टांत ***जसकुंबर विरूद्ध कंचन बाई, 1991 एमपी 362*** के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदक पात्र है या नहीं यह निर्धारण विचारण नहीं है यह संक्षिप्त जांच की प्रक्रिया है जिसमें प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदक को सर्वप्रथम यह बताना है कि व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है, मृतक से उसका संबंध क्या है और वह किस आधार पर मृतक का उत्तराधिकारी होने का दावा करता है। आवेदक मृतक का उत्तराधिकारी है या नहीं यह उसकी स्वीय विधि से निर्धारित होता है।

6. संयुक्त प्रमाण पत्र – प्रायः एक ही आवेदन में एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने का निवेदन किया जाता है। धारा 373 (4) की भाषा से स्पष्ट है कि जहां एक से अधिक आवेदक है और प्रथमदृष्टया सभी हितबद्ध दर्शित होते है वहां उपयुक्तता तथा हितबद्धता को विचार में लेते हुए न्यायाधीश यह विनिश्चित कर सकता है कि प्रमाण पत्र किसको अनुदत्त किया जावे। यह प्रावधान हितबद्ध आवेदकों के पक्ष में संयुक्त प्रमाण पत्र अनुदत्त करने की बात नहीं करता है। यदि एक से अधिक आवेदक है तो उनमें से उपयुक्त कौन है इसकी जाँच में उनके हित का ध्यान रखा जा सकता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि सामान्य रूप से एक से अधिक व्यक्तियों के पक्ष में संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र अनुदत्त नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सच्चिदानंद विरूद्ध***

विचित्रानंद, एआईआर 1990 उड़ीसा 172 एवं न्यायदृष्टांत ***स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया विरूद्ध मधुसूदन दास, 2008 (15) स्केल 39*** अवलोकनीय है।

7. एकाधिक आवेदक – कई बार मृतक के उत्तराधिकारी होने का दावा एक से अधिक लोग संयुक्त रूप से नहीं करते हुये पृथक–पृथक आधार पर करते हैं। उदाहरण स्वरूप एक मृतक की चल संपत्ति के संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु तीन आवेदकगण द्वारा तीन पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत किये गये। पहला आवेदक वसीयत के आधार पर, दूसरा आवेदक उत्तराधिकार के आधार पर तथा तीसरा आवेदक दत्तक के आधार पर न्यायालय के समक्ष आया। ऐसी स्थिति में न्यायदृष्टांत ***कृष्णा प्यारी विरूद्ध गोविंद मिश्रा, 1992 जेएलजे 624*** के अनुसार जहां विधि अथवा तथ्य का कोई प्रश्न अवधारित करने में न्यायालय को कठिनाई होती है तब न्यायालय से यह अपेक्षित है कि वह उस पर प्रथमदृष्टया सर्वोत्तम हक रखने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र प्रदान कर दे। यदि एक से अधिक आवेदक हैं और उनमें से किसी एक के पक्ष में प्रमाण पत्र सर्वोत्तम प्रथमदृष्टया हक के आधार पर अनुदत्त किया जाता है तो उनसे धारा 375 के अंतर्गत प्रतिभूति की मांग की जा सकती है। यद्यपि यह न्यायालय का विवेकाधिकार है जो प्रत्येक मामले के तथ्य और परिस्थिति पर निर्भर करता है। प्रतिभूति की मांग के संबंध में न्यायदृष्टांत ***रामचन्द्र रामरत्न विरूद्ध रामगोपाल, 1956 एससीसी ऑनलाईन मध्यप्रदेश 80*** अवलोकनीय है। प्रथम विवाह के अस्तित्व में रहते मृतक द्वारा दूसरा विवाह किया गया। दूसरी पत्नी तथा उसकी संतान के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। यह निर्धारित किया गया कि दूसरी पत्नी के पक्ष में प्रमाण पत्र अनुदत्त नहीं किया जा सकता क्योंकि वह वैध विवाहित पत्नी की श्रेणी में नहीं आती है, दूसरी पत्नी के बच्चों के संबंध में प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सरिता बाई विरूद्ध चन्द्रा बाई, 2011 (2) एमपीएलजे 609*** एवं न्यायदृष्टांत ***सावित्री देवी विरूद्ध मनोरमा देवी, एआईआर 1998 एमपी 114*** अवलोकनीय है। एक व्यक्ति की मृत्यु पर उसके भाई द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया। एक महिला द्वारा मृतक की पत्नी होने के आधार पर आपत्ति प्रस्तुत की गई। मृतक उसका पति था यह प्रमाणित करने का भार पत्नी पर था ऐसी स्थिति में मृतक का भाई, पत्नी की तुलना में अपेक्षाकृत उच्च स्थान पर खड़ा होना पाते हुए भाई के पक्ष में प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जाना उचित पाया गया। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***वैजन्ती बाई विरूद्ध खान्दरे जनार्दन, एआईआर 2007 बॉम्बे 193*** अवलोकनीय है।

8. प्रमाण पत्र का प्ररूप – अधिनियम, 1925 की अनुसूची आठ में प्रमाण पत्र तथा विस्तारित प्रमाण पत्र का प्ररूप दिया गया है इसको ध्यान में रखकर प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जाना चाहिए। प्रमाण पत्र सादे कागज पर तैयार करके अनुदत्त किया जा सकता है।

9. प्रमाण पत्र का प्रतिसंहरण / संशोधन / विस्तार – अधिनियम, 1925 की धारा 378 के अनुसार संशोधन की आवश्यकता तथा समाधानप्रद कारण दर्शित करने पर एक बार अनुदत्त प्रमाण पत्र में संशोधन किया जा सकता है। एक ही संपत्ति के लिये एक से अधिक प्रमाण पत्र अनुदत्त नहीं किये जा सकते। यदि एक आवेदक पूर्व में अनुदत्त प्रमाण पत्र द्वारा प्रतिकूल रूप से प्रभावित है तो वह उस प्रमाण पत्र के प्रतिसंहरण हेतु धारा 383 में उल्लेखित त्रुटिपूर्ण कार्यवाही, कपट, छिपाव, असत्य अभिकथन (भले ही गलती से किया हो) प्रमाण पत्र अप्रभावी हो गया, किसी न्यायालय की डिक्री का अधिभावी प्रमाव हो गया है, के आधार पर उसी न्यायालय में प्रमाण पत्र के प्रतिसंहरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकता है किन्तु प्रतिसंहरण की प्रक्रिया में पूर्व अनुदत्त प्रमाण पत्र के सभी पक्षकारों को

पक्षकार के रूप में जोड़ना होगा तथा वैसे ही संक्षिप्त जांच होगी जैसी प्रमाण पत्र अनुदत्त करते समय की गई थी। यदि एक बार प्रमाण पत्र अनुदत्त करने के बाद कोई संपत्ति पूर्व में समाहित किये जाने से रह गई है तो उस संम्पत्ति के संबंध में पूर्व से अनुदत्त प्रमाण पत्र का विस्तार धारा 376 के अंतर्गत किया जा सकता है। न्यायदृष्टांत ***जोसफ ईस्वरन विरूद्ध शिरली कथलीन, (2019) 5 एससीसी 58*** के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का प्रतिसंहरण केवल तब किया जा सकता है जब धारा 383 की उपधारा (क) से (ड़) के तहत वर्णित आधार की संतुष्टि होती है। धारा 389 के अनुसार प्रतिसंहरित/अविधिमान्य प्रमाण पत्र न्यायालय की वांछा पर न्यायालय में जमा किये जायेंगे। यह सही है कि प्रमाण पत्र के अनुदत्त किये जाने को सिविल न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है किन्तु न्यायदृष्टांत ***शंकुन्तला मित्तल विरूद्ध श्यामलाल, आईएलआर 2010 एमपी 1826*** के अनुसार केवल इस आधार पर कि सिविल वाद प्रस्तुत करने की वैकल्पिक सहायता उपलब्ध है उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के प्रतिसंहरण के आवेदन पर विचार करने से इंकार नहीं किया जा सकता।

10. अपील – अधिनियम, 1925 की धारा 384 के अनुसार भाग 10 के अधीन प्रमाण पत्र को अनुदत्त, नामंजूर या प्रतिसंहरत करने वाले जिला न्यायाधीश के आदेश की अपील उच्च न्यायालय में की जा सकती है। चूंकि मध्यप्रदेश शासन की अधिसूचना क्रमांक–II–7375–XXI–बी–58 दिनांक 01.01.1959 के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अनुदत्त करने की अधिकारिता सिविल जज, वर्ग–1 (अब सिविल जज वरिष्ठ खण्ड) के न्यायालय को प्राप्त है अतः धारा 388 के अनुसार सिविल जज के आदेश की अपील जिला न्यायाधीश को की जायेगी। उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का अनुदत्त किया जाना एक आदेश होता है जिसकी डिक्री तैयार नहीं की जाती है। प्रमाण पत्र अनुदत्त करने अथवा न करने का आदेश अधिनियम, 1925 की धारा 384 के अन्तर्गत अपील योग्य है तथा ऐसी अपील को व्यवहार न्यायालय नियम, 1961 के नियम 385 (ग्यारह) के अनुसार विविध अपील के रूप में विविध अपीलों के रजिस्टर में दर्ज किया जाता है। ऐसी अपील पर न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 की द्वितीय अनुसूची के अनुच्छेद 11 के अनुसार न्यायालय फीस देय होगी।

11. पूर्व न्याय – उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के संबंध में *पूर्व न्याय* (*res judicata*) का सिद्धांत लागू नहीं होता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***जोगिंदर पाल विरूद्ध इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, (2000) 8 एससीसी 143*** एवं न्यायदृष्टांत ***माधवी अम्मा विरूद्ध कुमजी कुटी, (2000) 6 एससीसी 301*** अवलोकनीय है।

12. विभिन्न परिस्थितियां – न्यायालय के समक्ष प्रायः उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है जो इस प्रकार है :–

1. **बैंक में गिरवी रखा सोना** – ऋण या प्रतिभूति की श्रेणी में नहीं आता है अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***ब्रांच मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया विरूद्ध सत्यभान पाठाल एवं अन्य, एआईआर 1989 ओड़िसा 236*** एवं न्यायदृष्टांत ***ब्रांच मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ हरियाणा विरूद्ध गाड़ीराजू रामा भास्करा, एआईआर 1993 आन्ध्रप्रदेश 337***

2. **बैंक का लॉकर** – लॉकर में रखा सामान प्राप्त करने के लिए बैंकिंग रेगूलेशन एक्ट, 1949 की धारा 45 महत्वपूर्ण है जिसमें उल्लेख है कि यदि लॉकर के सम्बंध में किसी सक्षम प्राधिकारी की डिक्री/प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो बैंक उसको विचार में लेगा। इसी से भ्रम उत्पन्न होता है। न्यायदृष्टांत ***शारदा चौपड़ा विरूद्ध स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एआईआर 1997 एमपी 196*** में उक्त प्रावधान को विचार में लेते हुए यह अभिमत दिया गया है बैंक के लॉकर में रखा सामान ऋण या दायित्व की श्रेणी में नहीं आता है इसलिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र नहीं मांगा जाना चाहिए केवल इंडेम्निटी बॉन्ड भरवाया जाना पर्याप्त होगा। लेकिन यदि किसी आपवादिक मामले में यदि बैंक को आवश्यक लगता है तो वह ऐसी मांग भी कर सकता है। उपरोक्त के अतिरिक्त न्यायदृष्टांत ***स्टेट बैंक ऑफ इंडिया विरूद्ध नेतई, एआईआर 1982 कलकत्ता 92*** भी अवलोकनीय है।

3. **खाता में जमा राशि** – बैंक के चालू खाता में जमा राशि ऋण है, इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट बैंक ऑफ इंडिया विरूद्ध इनुगन्ती वेन्कट सत्यनारायण, एआईआर 1964 आन्ध्रप्रदेश 378*** अवलोकनीय है।

4. **अनुकंपा नियुक्ति** – अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्र अनुदत्त नहीं किया जा सकता है। अनुकंपा नियुक्ति का दावा अधिकार के रूप में नहीं किया जा सकता है इसमें एक मात्र कमाने वाले की मृत्यु का तथ्य प्रमाणित करना होता है ताकि न्यूनतम सहायता प्रदान की जा सके। अनुकंपा नियुक्ति उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का विषय नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया विरूद्ध मधुसूदन दास, 2008 (15) स्केल 39*** अवलोकनीय है।

5. **निष्पादन कार्यवाही** – यदि डिक्रीदार की निष्पादन आवेदन प्रस्तुत करने के पहले मृत्यु हो जाती है तब ऐसी डिक्री धन की डिक्री की तरह होगी और ऋण की परिभाषा में आएगी। इस कारण अधिनियम, 1925 की धारा 214(1)(एफ) के अन्तर्गत बिना प्रमाण पत्र पेश किए मृत डिक्रीदार के विधिक प्रतिनिधि के द्वारा निष्पादन आवेदन प्रस्तुत करना वर्जित किया गया है। अतः मृतक के विधिक प्रतिनिधि, बिना प्रमाण पत्र पेश किये निष्पादन आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकते है। यदि डिक्रीदार द्वारा पूर्व से प्रस्तुत निष्पादन प्रकरण के लंबित रहते डिक्रीदार की मृत्यु हो जाती है तब उसके विधिक प्रतिनिधि धारा 146 सीपीसी के अंतर्गत प्रकरण को निरंतर रख सकते हैं। लेकिन अधिनियम, 1925 की धारा 214 डिक्रीदार की मृत्यु निष्पादन प्रकरण प्रस्तुत करने के पहले हुई या बाद में, इसमें भेद नहीं करती है इस कारण यदि लंबित निष्पादन प्रकरण में डिक्रीदार की मृत्यु होती है तब भी विधिक प्रतिनिधि को प्रकरण को निरंतर रखने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***भारत संघ विरूद्ध रमन आयरन फाउण्डरी, एआईआर 1974 एससी 1265*** एवं न्यायदृष्टांत ***तेजराज राजमल विरूद्ध राम प्यारी, एआईआर 1938 नागपुर 528*** अवलोकनीय है।

6. **वाद** – विधिक प्रतिनिधि ने ऋण की वसूली के लिए वाद प्रस्तुत किया लेकिन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया। विचारण न्यायालय ने डिक्री पारित की कि विधिक प्रतिनिधि डिक्री का निष्पादन तब तक नहीं करवा सकता है जब तक उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***माणक चन्द जैन विरूद्ध श्रीमती पुखराज बाई, 2008 (2) एमपीएलटी 155*** अवलोकनीय है।

7. **किराया / राजस्व / मध्यवर्ती लाभ** – तीनो ऋण की परिभाषा में नहीं आते हैं। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***नारायण स्वामी नायडू विरूद्ध चैल्लामल, 1970 (2) एमएलजे 633*** अवलोकनीय है। किरायेदार से बकाया किराये की वसूली के लिए वाद प्रस्तुत करने हेतु भूस्वामी के उत्तराधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि धारा 214 में ऋण के अन्तर्गत बकाया किराया या मध्यवर्ती लाभ नहीं आते है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***(1987) 2 राजस्थान एलआर 933*** अवलोकनीय है।

8. **धन की डिक्री** – धन की डिक्री के निष्पादन के लिए प्रमाण पत्र आवश्यक है किन्तु केवल हर्जे की वसूली के लिए प्रमाण पत्र अनुदत्त नहीं किया जा सकता क्योंकि यह ऋण नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***गोकुल विरूद्ध रामसेवक, एआईआर 1968 पटना 128*** तथा ***एस. राजलक्ष्मी विरूद्ध एस. सीता महालक्ष्मी, एआईआर 1976 आन्ध्रप्रदेश 36*** अवलोकनीय है।

9. **सेवानिवृत्ति के लाभ** – सेवानिवृत्त व्यक्ति के सेवानिवृत्ति के लाभ तथा बीमा की राशि ऋण है। प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***श्रीमती कृष्णा प्यारी बाई दीक्षित विरूद्ध गोविंद मिश्रा, एआईआर 1992 एमपी 145*** अवलोकनीय है। भविष्य निधि की राशि प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***रज्जूदेवी विरूद्ध नागेश्वर, एआईआर 1965 इलाहाबाद 267*** अवलोकनीय है।

10. **नॉमिनी विरूद्ध विधिक प्रतिनिधि** – शासकीय सेवक की ग्रेच्युटी की राशि उसके द्वारा नामित व्यक्ति को मिलनी चाहिए और यदि ऐसा व्यक्ति नहीं है तो उसके विधिक प्रतिनिधि को मिलनी चाहिये। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***धन्नालाल विरूद्ध डायरेक्टर कृषि, 2005 (1) एमपीडब्ल्यूएन 57*** अवलोकनीय है। एक प्रकरण में पति ने दूसरी पत्नी को शासकीय दस्तावेज में नॉमिनी बनाया पहली पत्नी और दूसरी पत्नी, दोनों ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। विचारण न्यायालय ने पहली पत्नी का दावा खारिज किया तथा दूसरी पत्नी के पक्ष में प्रमाण पत्र अनुदत्त किया। उच्च न्यायालय ने विचारण न्यायालय का आदेश अपास्त किया और उच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि दूसरी पत्नी ना केवल मृतक की नॉमिनी थी अपितु वह अपने बच्चों की ओर से प्रमाण पत्र की मांग कर रही थी। पहली पत्नी केवल विधि अनुसार विवाहित होने के आधार पर दूसरी पत्नी की तुलना में प्रमाण पत्र की हकदार नहीं है जो पूरा समय उसकी पत्नी बनकर रही है और उसके बच्चे भी है। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने पहली पत्नी को सेवानिवृत्ति के लाभ का 1/5 हिस्सा दिया। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***विद्याधारी विरूद्ध सुखर्णा बाई, (2008) 2 एससीसी 238*** अवलोकनीय है।

11. **पारिवारिक पेंशन** – पारिवारिक पेंशन सरकार की परिवार पेंशन योजना के तहत दी जाती है। इसके संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अनुदत्त नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***श्रीमती सत्यवती शर्मा विरूद्ध कृष्णा शर्मा, 2004 (2) एमपीएचटी 34*** अवलोकनीय है।

12. **भार / भरण–पोषण** – सम्पत्ति पर भार की वसूली के लिए तथा भरण–पोषण की डिक्री के अन्तर्गत वसूली के लिए प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***महादेव***

रातरेकर विरूद्ध सीता राम, एआईआर 1991 राजस्थान 97 अवलोकनीय है जिसमें न्यायदृष्टांत ***एआईआर 1952 नागपुर 88*** का अवलम्ब लिया गया है।

13. **समझौता डिक्री के अधीन राशि** – समझौता डिक्री के अंतर्गत निष्पादन प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***रानी प्रभावती विरूद्ध शैलेष नाथ, एआईआर 1978 कलकत्ता 147*** अवलोकनीय है।

14. **बंधक धन** – बंधक धन की वसूली के लिए वाद प्रस्तुत करने हेतु प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***आयशा बीबी विरूद्ध अब्दुल करीम, एआईआर 1972 केरला 64*** अवलोकनीय है।

15. **लाभांश** – परिसमापक (liquidator) के यहां से मृतक के लाभांश (dividend) की राशि प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र आवश्यक है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***वियुम्मा विरूद्ध ऑफिसियल लिक्वीडेटर, एआईआर 1999 केरला 190*** अवलोकनीय है।

16. **निष्पादन कार्यवाही में पंचाट धारक की मृत्यु** – निष्पादन न्यायालय उत्तराधिकार संबंधी प्रश्न का विनिश्चय करने के लिए सक्षम नहीं है। उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। भू–अर्जन कार्यवाही में पारित पंचाट भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 214 (2) के अन्तर्गत ऋण है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***लालजी विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य, 2019 (2) एमपीएलजे 373*** अवलोकनीय है।

17. **पट्टा विलेख के अन्तर्गत सुरक्षा राशि** – किसी संविदा/निविदा को प्राप्त करने के लिए कुछ सुरक्षा निधि जमा किया जाना आवश्यक था तभी खनन का पट्टा मिल सकता था। मृतक ने राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र के रूप में सुरक्षा निधि जमा करवाई। ऐसी राशि धारा 370 के अन्तर्गत प्रतिभूति की श्रेणी में आती है इस हेतु प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***बुधवंत कौर विरूद्ध रावत सिंह, एआईआर 1988 राजस्थान 1*** अवलोकनीय है।

18. **प्रतिकर** – मोटर दावा दुर्घटना का प्रतिकर ऋण या प्रतिभूति नहीं है अतः उत्तराधिकारियों को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***चन्द्र विरूद्ध रणवीर सिंह, 2014 एसीजे 891 (एमपी)*** अवलोकनीय है। रेलवे के विरूद्ध सम्पत्ति के खोने के संबंध में दावा प्रस्तुत करने हेतु प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मोहम्मद इकराम विरूद्ध भारत संघ, एआईआर 1959 पटना 337*** अवलोकनीय है।

19. **सहायता राशि** – अस्पताल ने मरीज की दोनों किडनी उसकी पत्नी तथा मां की सहमति से निकाल दी। मरीज की किडनी के लिए रू. 2,70,000/– स्वीकृत किए गए। जब किडनी निकाली गई तब मरीज जीवित था यह राशि ऋण है ना कि प्रतिकर। प्रमाण पत्र अनुदत्त किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***बीना एस नायर विरूद्ध पी. राजम्मा, एआईआर 2002 केरला 378*** अवलोकनीय है।

●

RIGHT OF PRIVATE DEFENCE IS MOMENTARY: BEGINS WITH APPREHENSION AND ENDS BY THE DISAPPEARANCE OF APPREHENSION

Manish Sharma
OSD, MPSJA

> "The right of defence is absolutely necessary. The vigilance of Magistrate can never make up for the vigilance of each individual on his own behalf. The fear of the law can never restrain bad men so effectually as the fear of the sum total of individual resistance. Take away this right and you become, in so doing, the accomplice of all bad men."
>
> – Bentham's *Principle of Penal Laws*

Self-help is the first rule of criminal law. The need of self preservation is rooted in the doctrine of necessity. The right of private defence legally accords to the individuals the right to take reasonably necessary measures to protect themselves under special circumstances. The right therefore, creates an exception to criminal liability. The right of private defence is a natural right which is evinced from particular circumstances rather than being in the nature of privilege.

Indian Legal Corridor

According to Article 51(a)(i) of the Constitution of India, the State is having a fundamental duty to protect public property and abjure violence. It implies that it is the duty of the State to protect its citizens and their property from any harm, and in case the aid or help of State is not available and the danger is overhanging and is unavoidable at the moment then the person is authorized to use his force to protect himself from any harm or injury. The term 'private defence' is not defined anywhere in the Penal Code. It has generally developed and evolved over the years by the judgments of various courts. The main motive behind providing this right to every citizen was to remove their hesitation in taking any action (generally illegal) to protect themselves due to the fear of prosecution.

Scope of the Right of Self-Defence

Sections 96 to 106 of the Indian Penal Code, 1860 contain the provisions regarding right of private defence available to every citizen of India. Section 96 says that an act which is done in exercise of right of private defence is no offence. The first thing to remember is that the right of self-defence can under no circumstance justify anything which strictly is of no defence but an offence. However, it may sometimes happen that an attack is the most effective way of making defence and in such cases, the attack is justifiable. Section 97 broadly specifies the offences against which the right of private defence can be exercised. Section 99 provides for limitation. These two sections combined together lay

down the principles of the right of private defence. The striking feature of this provision is that right of private defence extends not only to the defence of one's own body against any offence affecting the human body but also in defending the body of another person. This right also embraces the protection of property, whether one's own or of another person against theft, robbery mischief and criminal trespass, subject to limitations enumerated in section 99. Even it can be exercised against the act of unsound mind (sec 98) and even against the innocent person in case of deadly assault.

Sections 100, 101, 103 and 104 must be read together which deal with the right of self-defence of body and property. These are related to the extent of injury that can be inflicted on an assailant in exercise of right of self-defence. Wherever the right of self-defence exists, it extends to the causing of any injury, short of death necessary for the purposes of defence, but in certain special cases, may extend to causing death and it is justified. As per section 105, the right once available continues as long as an apprehension of danger to the property exists and section 106 describes about the harm to innocent person when it is extremely necessary but should not be excessive.

This right is based on two principles:

a) Right of private defence is available against the aggressor only; and

b) This right is available only when the defender entertains reasonable apprehension

Certain factors needed for considering the act of private defence are:

I. Whether there was sufficient time for recourse to public authorities or not?

II. Whether the harm caused was more than what was necessary to be caused or not?

III. Whether there was a necessity to take such an action or not?

IV. Whether the accused person was the aggressor or not?

V. Whether there was a reasonable apprehension of death, grievous hurt or hurt to the body or property?

In the case of ***Vidya Singh v. State of Madhya Pradesh, AIR 1971 CriLJ 1296***, the Apex Court observed that the right of self-defence should not be construed narrowly. Situations have to be adjudicated from the subjective point of view of the accused concerned in the surrounding excitement and confusion of the moment, confronted with those exact circumstances of peril and not by any minute and pedantic analysis of the situation by objectivity which would be natural in a courtroom, or would seem absolutely necessary to a perfectly relaxed bystander. The person facing a reasonable apprehension of threat to himself cannot be probable to modulate his defences tier by tier, similar to a man in ordinary times or under normal circumstances. The right of self-defence initiates as soon as reasonable apprehension occurs and it is *co-terminus* with the extent of such apprehension. Again, it is a defensive and not a retaliatory right, and can be

exercised only in cases where there is no chance to have a recourse from the public authorities.

Plea of private defence

The Apex Court has settled the question by laying down that though the plea has not been taken in the statement u/s 313 Cr.P.C. if necessary, basis for that plea is laid in the cross-examination of the P.Ws. as well as adducing defence evidence, the court can consider such a plea (See: ***Munsi Ram v. Delhi Administration AIR 1968 SC 702***). This law, however, does not permit an accused person to require the court to pick up factors from here and there and build a case of exercise of self defence by adopting the imaginative approach.

It is pertinent to mention that law without doubt does not permit an accused person to take one after the other false defence pleas nor does it encourage such a course of action. If a particular plea is taken in his answer to question u/s 313 Cr.P.C., but a different case is sought to be proved in evidence and the plea is not supported by defence witness, the accused cannot be given the benefit of right of private defence. (See: ***Ram Manohar v. State of M.P. 1988 SCC Online MP 138***).

Plea of private defence cannot be taken together with plea of alibi. It can also not be taken when a few people have assembled to form an unlawful assembly, the object of which from the very inception is unlawful, clearly the assembly is an aggressor. No question of right of private defence arises in such a case.

Burden of proof:

Right must not be assumed. It is a well-settled principle that the accused need not prove their case beyond all reasonable doubt in a plea of self-defence under section 105 of the Evidence Act, 1872, to be proved on account of preponderance of probabilities. If the plea of self-defence becomes plausible, then the same should be accepted or at least, a benefit of doubt arises. The most important thing which is to be kept in mind is that the initial onus is on the accused to satisfy the court.

In the celebrated judgement of ***Kashiram v. State of M.P., (2002) 1 SCC 71***, the Apex Court held that Section 105 of the Evidence Act, 1872 provides that the burden of proving the existence of circumstances which would bring the act of the accused alleged to be an offence within the exercise of right of private defence is on him and the court shall presume the absence of such circumstances. If on the material available on record, a preponderance of probabilities is raised which renders the plea taken by the accused plausible then the same should be accepted and in any case benefit of doubt deserves to be extended to the accused. The Court emphasised the difference between a flimsy or fantastic plea taken by the defence which is to be rejected altogether and a reasonable though incompletely proved plea which casts a genuine doubt on the prosecution version would therefore, indirectly succeed.

Against public servant

Section 99 deals with the acts against which there is no right of private defence. The first part of this section means a person has no right of private defence against an act which does not cause instant fear of death or grievous hurt if done by a public servant who is acting in good faith and under the colour of his office not his personal power, even if that act might not be strictly justifiable by law. However, a person is not deprived of his right of private defence against an act of public servant unless the point where he does not know the person doing the act is public servant. The second part of this section means a person has no right of private defence against an act which does not cause instant fear of death or grievous hurt if done by the direction of a public servant who is acting in good faith and under the name of his office not his personal power, even if that direction or act might not be strictly justifiable by law, but a person is not deprived of his right of private defence against the direction of a public servant unless the point where he doesn't know the person doing act is doing by such direction or unless such person states such authority under which he is acting or produces such authority or shows in writing.

The words 'colour of office' refer to the irregular as distinguished from illegal act. If what has been done in good faith under the colour of his office, no right of private defence will arise (***Ranveer Singh v. State of U.P., 1997 CriLJ 2266***).

Therefore, we can say that the operation of section 99 extends to acts which are not strictly justifiable by law. Section 99 is designed to protect a public servant, and to limit the amount of resistance which may be offered to him.

When right can be exercised to cause death

If the offence which is committed by the deceased and which had occasioned the cause of the exercise of the right of private defence of body and property falls within any of the seven categories enumerated in sections 100 or four categories in section 103 of the Penal Code, then both these sections authorise a person to take away life in exercise of his right of private defence. This section exercises a limit on the right of private defence to the extent of absolute necessity. It must not be more than what is necessary for defending aggression.

To prove that the person was under fear of death or grievous hurt; the following conditions need to be fulfilled:

- The accused must not have caused the fault i.e. he must not have started the encounter first. It needs to be the victim who should cause the fear of death or grievous hurt without fault of the accused.
- There must be an approaching danger to life or of great bodily harm. This danger must be so evident and real that the other person felt the necessity to cause death.
- There must not be any other safe or reasonable way to escape from that situation.

- There must be a necessity to do so. The act of voluntarily causing death can be excused only when the person feels that it is necessary to act that way.

In ***Sukumaran v. State, (2019) 15 SCC 117,*** Hon'ble the Supreme Court has acquitted a Forest Range Officer accused of killing a man allegedly belonging to a smuggling party on the ground that he did it in his self defence. A murder charge was slapped on Sukumaran; accused of shooting and killing a man, in Dharmapuri forest area in the State of Tamil Nadu. The prosecution had further alleged that he loaded 64 billets of sandal woods weighing 276 Kg and also kept one SBML gun in the lorry with a view to show that the deceased party was smuggling sandal woods from the forest area without holding a valid permit/ license. The Trial Court convicted him.

Hon'ble Apex Court held that firstly, the appellant had every reason to believe that due to suspicious moment of the deceased party in the forest, they were trying to smuggle the sandal wood from the forest. Secondly, the deceased party was aggressor because, as held above, they first pelted the stones and damaged the appellant's vehicle shouting "fire them". Thirdly, the appellant's duty was to apprehend the culprits who were involved in the activity of smuggling sandalwoods and at the same time to protect himself and his driver in case of any eventuality while apprehending the culprits.

Real or apparent danger

The apprehension of death or grievous hurt which was present in the mind of the accused to enable him to invoke the aid of private defence is to be ascertained objectively with reference to events and deeds at the time of the offence and the surrounding circumstances.

- ***Intention of Rape :*** If a person feels that the other person is committing assault with an intention of rape; the death can be committed in self-defence. In the case of ***State of Orissa v. Nirupama Pandey, 1988 SCC Online Ori 65***, the victim entered into the house of accused and tried to rape her. There was a scuffle between them and the accused lady finally stabbed the man and he died. She was not held liable because she was acting in her right of private defence.
- ***Intention of satisfying unnatural lust :*** If a person is committing assault with an intention of satisfying his unnatural lust; the other person can exercise his right of private defence to the extent of causing the death of that person.
- ***Intention of kidnapping or abduction :*** If a person feels that the other person is acting with an intention of kidnapping or abducting him or any other person, he may use his right to cause death of kidnapper.
- ***Intention of wrongful confinement :*** If a person feels that the other person is intending to wrongfully confine him or any other person and if the person is confined, he will not be able to escape or take help of public authorities for his release.

- ***Act of throwing or administering acid or attempt :*** If a person attempts or throw acid on victim which may cause reasonable apprehension that grevious hurt will otherwise be the consequences.

Commencement, continuance and the end

Section 102 deals with the commencement and continuance of right of private defence with respect to body only. The person exercising the right must consider whether the threat to the person is real and immediate or not.

Commencement: In a celebrated case of ***Deo Narayan v. State of U.P., 1973 SCC (Cri) 330***, it was held by Hon'ble the Apex Court that the extent to which the right can be exercised does not depend upon the actual danger but on the reasonable apprehension of danger. The right to private defence gives right to defend one self from any reasonable apprehension of danger. The threat, however, must give rise to presence of an imminent danger and not remote or distant danger.

Continuance: As long as the fear of danger continues, the person is free to use his right of private defence. A person exercising the right of private defence is entitled to secure his victory as long as the contest is continued. He is not obliged to retreat but may continue to defend till he finds himself out of danger.

End: When it can be reasonably seen that the danger no longer exists, the person's right of private defence ends. He has no such right after that. If in case he commits any hurt to other after the fear ends, he will not be immune and will be held liable for his act.

Reasonable Apprehension

The Hon'ble Apex Court observed that deceased and the others were attempting to strangulate the appellant and it would have been unrealistic to expect the appellant to modulate his defence step by step with any arithmetical exactitude.The appellant reasonably apprehended a danger to his life when the deceased and his brothers started strangulating him after pushing him to the floor. A mere reasonable apprehension is enough to put the right of self-defence into operation and it is not necessary that there should be an actual commission of the offence in order to give rise to the right of private defence. It is enough if the appellant apprehended that such an offence is contemplated and is likely to be committed if the right of private defence is not exercised (***Suresh Singhal v. State (Delhi Administration), (2017) 2 SCC 737***).

Quantum of necessary force / Golden scale

Such a question came for consideration before the Supreme Court and the court pointed out that while exercising the right of private defense it is not possible for an average person whose mental excitement could be better imagined than described, to weigh the position in golden scale and it was well-nigh impossible for the person placed in the position to take a calm and objective view expected in the detached atmosphere of a court, and calculate with

arithmetical precision as to how much force will effectively serve the purpose of self defence and when to stop. (***G.V. Subramanyam v The State of Andhra Pradesh, AIR 1970 SC 1079***).

The Hon'ble Supreme Court in ***Buta Singh v. State of Punjab, (1991) 2 SCC 612***, noted that where assault is imminent by use of force, it would be lawful to repel the force in self-defence and the right of private defence commences as soon as the threat becomes so imminent. Such situations have to be pragmatically viewed, and not with high-powered spectacles or microscopes to detect slight or even marginal overstepping. Due weightage has to be given to and hyper-technical approach has to be avoided while considering what happens in the spur of the moment, on the spot, and keeping in view, the normal human reaction and conduct, where self-preservation is of paramount consideration.

But, if the fact situation shows that in the guise of self-preservation, what really has been done is to assault the original aggressor, even after the cause of reasonable apprehension has disappeared, the plea of right of private defence can legitimately be negated. The court dealing with the plea has to weigh the material to conclude whether the plea is acceptable. It is essentially, a finding of fact.

Non-explanation of injury of accused

In ***Laxmi Singh and ors v. State of Bihar, AIR 1976 SC 2263***, Hon'ble the Apex Court held that where the prosecution fails to explain the injuries on the accused, two results follow –

(i) That the evidence of the prosecution witnesses is untrue; and

(ii) That the injuries probabilize the plea taken by the appellants.

It was further observed that :

> "In a murder case, the non-explanation of the injuries sustained by the accused at about the time of the occurrence or in the course of altercation is a very important circumstance from which the court can draw the following inferences:
>
> (i) That the prosecution has suppressed the genesis and the origin of the occurrence and has thus not presented the true version.
>
> (ii) That the witnesses who have denied the presence of the injuries on the person of the accused are lying on a most material point and, therefore their evidence is unreliable.
>
> (iii) That in case there is a defence version which explains the injuries on the person of the accused assumes much greater importance where the evidence consists of interested or inimical witnesses or where the defence gives a version which competes in probability with that of the prosecution one"

In ***Babulal Bhagwan Khandare and anr. v. State of Maharashtra, AIR 2005 SC 1460***, Hon'ble the Apex Court expressed that non-explanation of the injuries sustained by accused at about the time of occurrence or in the same course of altercation is a very important circumstance. But mere non-explanation of the injuries by prosecution may not affect the prosecution case in all cases. This principle applies to cases where the injuries sustained by the accused are minor and superficial or where the evidence is so clear and cogent, so independent and disinterested, so probable, consistent and creditworthy, that it far outweighs the effect of the omissions on the part of the prosecution to explain the injuries.

In every case non-explanation of injuries to accused by prosecution is not fatal, but it depends upon case to case and facts of the case can determine the importance of non-explanation of injuries to accused.

(Readers are requested to go through the Article – *Law relating to Right of Private Defence of Body when the injuries on the person of an accused have not been explained* published in Part I of the JOTI Journal June 2008 at page no.64)

Aggressor or Revenge

The question of justification of the right of private defence has largely been raised in all cases focusing on the protection of the right to aggressor. It should not be allowed to be pleaded or availed for as a pretext for a vindictive, aggressive or retributive purpose. Act by way of retaliation is not covered by the general exception to criminal liability.

In ***State of U.P. v. Ramswaroop, 1975 SCR (1) 409***, it was laid down by Hon'ble the Supreme Court that a stringent test with regard to permitting the initial aggressor to claim this right of private defence under exceptional situations. It necessitates that the aggressor should have made every effort to negate the aggression, thereby escaping from the situation already created by him in every possible manner.

In ***State of Rajasthan v. Mehram and ors., (2020) 5 SCC 143***, the Hon'ble Apex Court has held that two theories (of being aggressors as opposed to exercise of right of private defence) are antithesis of each other.

Exceeding Private Defence

The right of private defence arises when an aggressor has struck or a reasonable apprehension of a grievous hurt arises depending upon the facts of each case. For instance, if a person is going to slap you, you cannot shoot the person with a gun in self-defence. But such a right in no case extends to the inflicting of more harm than is necessary to inflict for the purpose of defence.

In ***Arvind Kumar alias Nemichand and ors. v. State of Rajasthan, 2022 CriLJ 374***, Hon'ble the Apex Court held that once a private defence is accepted, there are only two questions that has to be answered by the court, namely; the defence coming within the purview of section 96 to section 102 IPC and the other acting

in excess. The concept of acting in excess has to be seen from the point of view of continued existence of the apprehension of danger. When the apprehension of danger has ceased and yet a person continues his attack, he exceeds the right of private defence. If it is found that accused has exceeded his right of private defence and caused death, then his case will come under Exception 2 of Section 300 IPC.

House trespass not open land

In ***Jassa Singh v. State of Haryana, 2002 CriLJ 563***, Hon'ble the Supreme Court held that the right of private defence of property would not extend to cause death of the person who committed such acts if the act of trespass is in respect of an open land. Only a house trespass committed under such circumstances as may reasonably caused death or grievous hurt is enumerated as one of the offences under Section 103.

Free fight

In ***Mohd. Khalil Chisti v. State of Rajasthan, (2013) 2 SCC 541***, the Hon'ble Apex Court has held that each accused can be fastened with individual liability taking into consideration the specific role or part attributed to each of the accused. In other words, both sides can be convicted for their individual acts and normally no right of private defence is available to either party and they will be guilty of their respective acts.

Guidelines of Right of Private Defence

The Hon'ble Supreme Court in ***Darshan Singh v. State of Punjab, (2010) 2 SCC 333*** laid down the Guidelines for Right of Private Defence for Citizens.

- Self-preservation is a basic human instinct and is duly recognized by the criminal jurisprudence of all civilized countries. All free, democratic and civilized countries recognize the right of private defence within certain reasonable limits.
- The right of private defence is available only to one who is suddenly confronted with the necessity of averting an impending danger and not of self-creation.
- A mere reasonable apprehension is enough to put the right of self-defence into operation. In other words, it is not necessary that there should be an actual commission of the offence in order to give rise to the right of private defence. It is enough if the accused apprehended that such an offence is contemplated and it is likely to be committed if the right of private defence is not exercised.
- The right of private defence commences as soon as a reasonable apprehension arises and it is *co-terminus* with the duration of such apprehension.

- It is unrealistic to expect a person under assault to modulate his defence step by step with any arithmetical exactitude.
- In private defence the force used by the accused ought not to be wholly disproportionate or much greater than necessary for protection of the person or property.
- It is well settled that even if the accused does not plead self-defence, it is open to consider such a plea if the same arises from the material on record.
- The accused need not prove the existence of the right of private defence beyond reasonable doubt.
- The Indian Penal Code confers the right of private defence only when the unlawful or wrongful act is an offence.
- A person who is in imminent and reasonable danger of losing his life or limb may, in exercise of self defence, inflict any harm (even extending to death) on his assailant either when the assault is attempted or directly threatened.

Conclusion

While deciding a case relating to right of private defence, the Court's assessment would be guided by several circumstances including the position on the spot at the relevant point of time, the nature of apprehension in the mind of the accused, the kind of situation that the accused was seeking to ward off, the confusion created by the situation that had suddenly cropped up resulting the in knee jerk reaction of the accused, the nature of the overt acts of the party who had threatened the accused resulting in his resorting to immediate defensive action, etc.The underlying factor should be that such an act of private defence should have been done in good faith and without malice.

The question whether a person was in a position to dominate the will of the other and procure a certain deed by undue influence is a question of fact, and a finding thereon is a finding of fact, and if arrived at fairly in accordance with the procedure prescribed, it is not liable to be reopened in second appeal [See: ***Ladli Parshad Jaiswal v. The Karnal Distillery Co. Ltd., Karnal & ors., AIR 1963 SC 1279*** and ***Bellachi (D) by LRs. v. Pakeeran, AIR 2009 SC 3293***]. In the present case, the plea as to invalidity of the gift deed is not to be decided on general presumption and assertion. Concurrent findings of facts arrived at in the present case were based upon a holistic examination of the entire evidence relating to execution and validity of the gift deed. The lower courts did not adopt a legalistic

approach but took into account not one but several factual facets to accept the version given by Keshav that the gift deed was not a valid document. These concurrent findings are not perverse but rather good findings based upon cogent and relevant material and evidence on record. These findings of the facts can be interfered in the second appeal only if they are perverse or some gross illegalities have been committed in arriving at such findings. To reverse the findings is not only to assess errors but also deal with the reasons given by the court below and record findings and grounds for upsetting the conclusion [See: ***Nazir Mohamed v. J. Kamala & ors., AIR 2020 SC 4321*** and ***Hero Vinoth (Minor) v. Sheshammal, AIR 2006 SC 2234***].

We have elaborately referred to the reasoning given by the trial court, which the first appellate court had independently examined and affirmed. The findings were recorded after in-depth consideration of the factual matrix, including the statement of Hardei, an illiterate and aged woman, who during her lifetime in 1989, had staunchly refuted having executed any gift deed transferring the property to the plaintiffs. Hardei was residing with Keshav, who was looking after her and providing for all her needs. Further, the plaintiffs did not take any steps to get the mutation of the land records for about four years from 1st January 1986 till 1989. The rejection by the revenue authority in 1989 remained unchallenged till Hardei died in 1991. The views and findings recorded by the lower courts are well reasoned and have taken into account several factors that repel and contradict the claim of a valid execution of the gift deed by Hardei favouring the plaintiffs.

●

216. SPECIFIC RELIEF ACT, 1963 – Sections 34 and 36

Cancellation of registered sale deed – Procedure – If a registered sale deed is cancelled by registered deed, such cancellation deed is always subject to adjudication of rights of parties by competent Civil Court.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 – धाराएं 34 एवं 36

पंजीकृत विक्रय विलेख का रद्दकरण – प्रक्रिया – यदि पंजीकृत विक्रय विलेख पंजीकृत विलेख द्वारा रद्द किया जाता है, ऐसा रद्दकरण विलेख सदैव सक्षम सिविल न्यायालय द्वारा पक्षकारों के अधिकारों के न्यायनिर्णयन के अध्यधीन है।

Amudhavali and ors. v. P. Rukumani and ors.

Judgment dated 07.12.2021 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 7464 of 2021, reported in 2022 (2) MPLJ 264 (SC)

Relevant extracts from the judgment:

From a perusal of the impugned order passed by the High Court, it is clear that the said judgment is rendered mainly relying on the judgment of this Court in the case of ***Satya Pal Anand v. State of Madhya Pradesh, (2016) 10 SCC 767***. The

aforesaid case relates to allotment of a site by a co-operative society and on the ground that the condition of allotment is violated by not constructing house within the time frame, and the original allottee has breached the condition, cooperative society has cancelled the allotment and subsequently executed an extinguishment deed.

In the aforesaid judgment, it is held that the original allottee has also entered into compromise with subsequent purchasers of the land and notwithstanding the same, he has raised dispute under Section 64 of the Madhya Pradesh Cooperative Societies Act, 1960. When the dispute was pending on the very same cause of action, writ petition was filed. When the original purchaser has approached the Sub-registrar for cancellation of a cancellation deed, the registering authority by a speaking order has rejected the same on two grounds, i.e., firstly, dispute was pending between the parties in the Civil Court; and secondly on the ground that it had no jurisdiction to cancel the registration of a registered document.

In the case on hand it is not in dispute, that after registering the cancellation deed, respondent nos.1 to 4 have filed a civil suit which is pending in O.S.No.142 of 2008, seeking declaration that sale deed dated 09.03.2005 executed in favour of the appellants is null and void. In the said suit the appellants have already filed written statement. The learned Single Judge of the High Court also observed that the subsequent cancellation deed is always subject to adjudication of rights of the parties by the competent civil court. As much as the appellants have already filed a written statement in the civil suit in O.S. No.142 of 2008, and contesting the same, we are not inclined to examine the validity and effect of such cancellation deed, at this stage, by interfering with the impugned order of the High Court.

It is settled legal position that registration of document is always subject to adjudication of rights of the parties by the competent civil court. Had the appellants not entered their appearance by filing a written statement, it would have been a different situation. It is also to be noted that subsequent to registration of cancellation deed, a portion of the land is transferred to respondent no. 8, to an extent of 0.25 cents.

●

PART - IIA

GUIDELINES FOR THE INVESTIGATING AGENCIES AND CRIMINAL COURTS REGARDING ARREST AND DECIDING OF BAIL APPLICATION

Hon'ble the Supreme Court has issued guidelines in ***Satender Kumar Antil v. Central Bureau of Investigation [SLP (Cr.) 5191/2021, order dated 11.07.2022***] to be followed by the Investigating Agencies and Criminal Courts regarding arrest and deciding of bail application.

The guidelines are as under:

(a) The Government of India may consider the introduction of a separate enactment in the nature of a Bail Act so as to streamline the grant of bails.

(b) The investigating agencies and their officers are duty-bound to comply with the mandate of Sections 41 and 41A of the Code and the directions issued by this Court in ***Arnesh Kumar v. State of Bihar, (2014) 8 SCC 273***. Any dereliction on their part has to be brought to the notice of the higher authorities by the court followed by appropriate action.

(c) The court will have to satisfy themselves on the compliance of Sections 41 and 41A of the Code. Any non-compliance would entitle the accused for grant of bail.

(d) All the State Governments and the Union Territories are directed to facilitate standing orders for the procedure to be followed under Sections 41 and 41A of the Code while taking note of the order of the High Court of Delhi dated 07.02.2018 in Writ Petition i.e. Standing Order No. 109 of 2020, to comply with the mandate of Section 41A of the Code.

(e) There need not be any insistence of a bail application while considering the application under Section 88, 170, 204 and 209 of the Code.

(f) There needs to be a strict compliance of the mandate laid down in the judgment of this court in ***Siddharth v. State of Uttar Pradesh, 2021 SCC Online SC 615***.

(g) The State and Central Governments will have to comply with the directions issued by this Court from time to time with respect to constitution of special courts. The High Court in consultation with the State Government will have to undertake an exercise on the need for the special courts. The vacancies in the position of Presiding Officers of the special courts will have to be filled up expeditiously.

(h) The High Courts are directed to undertake the exercise of finding out the under trial prisoners who are not able to comply with the bail conditions. After doing so, appropriate action will have to be taken in light of Section 440 of the Code, facilitating the release.

(i) While insisting upon sureties the mandate of Section 440 of the Code has to be kept in mind.

(j) An exercise will have to be done in a similar manner to comply with the mandate of Section 436A of the Code both at district judiciary level and the High Court as earlier directed by this Court in ***Bhim Singh v. Union of India, (2015) 13 SCC 605***, followed by appropriate orders.

(k) Bail applications ought to be disposed of within a period of two weeks except if the provisions mandate otherwise, with the exception being an intervening application. Applications for anticipatory bail are expected to be disposed of within a period of six weeks with the exception of any intervening application.

(i) All State Governments, Union Territories and High Courts are directed to file affidavits/status reports within a period of four months.

●

PART - IV

IMPORTANT CENTRAL/STATE ACTS & AMENDMENTS

मध्यप्रदेश नियम तथा आदेश (आपराधिक) में संशोधन

क्र.D–1174, जबलपुर, दिनांक 19 मई 2022

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 227 सहपठित धारा 477 दं.प्रं.सं., 1973 (1974 का 2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वप्रेरणा रिट याचिका (आपराधिक) क्रमांक 1/2017 संदर्भः आपराधिक विचारणों में कमियों और अपर्याप्तताओं के संबंध में दिशानिर्देश जारी करने संबंधी पारित आदेश के अनुसरण में, एतद् द्वारा, मध्य प्रदेश नियम तथा आदेश (आपराधिक) में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्;

संशोधन

उक्त नियमों में,–

1. नियम 107 के पश्चात् निम्नानुसार नियम जोड़ा जाए, अर्थात्;

"108. अभियोजकों एवं अन्वेषकों का पृथक्करण–

अन्वेषण के दौरान अन्वेषण अधिकारी को सलाह देने के लिए राज्य सरकार लोक अभियोजकों से भिन्न अधिवक्ताओं की नियुक्ति करेगी।"

2. नियम 117 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम जोड़े जाएं, अर्थात्;

"117.क. धारा 173, 207 एवं 208 दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 के अंतर्गत दस्तावेज प्रदान करना–

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 207 एवं 208 के अनुसार प्रत्येक अभियुक्त को दं.प्र.सं. की धारा 161 एवं 164 के अधीन अभिलिखित साक्षियों के कथन एवं अन्वेषण के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों, आवश्यक वस्तुओं तथा प्रदर्शों की एक सूची, जिन पर अन्वेषण अधिकारी (आई.ओ.) निर्भर रहा है, प्रदाय किए जाएंगे।

स्पष्टीकरणः– कथनों, दस्तावेजों, आवश्यक वस्तुओं तथा प्रदर्शों की सूची उन कथनों, दस्तावेजों, आवश्यक वस्तुओं तथा प्रदर्शों को विनिर्दिष्ट करेगी जिन पर अन्वेषण अधिकारी निर्भर नहीं रहा है।

117.ख. जमानत–

(1) अजमानतीय मामलों में जमानत के लिए आवेदन सामान्यतः प्रथम सुनवाई की तारीख से 3 से 7 दिनों की अवधि के भीतर निपटाए जाएंगे। यदि आवेदन ऐसी अवधि के भीतर निपटाया नहीं जाता है तो पीठासीन अधिकारी आदेश में ही उसके कारण देंगे। आदेश एवं जमानत आवेदन का उत्तर अथवा प्रास्थिति प्रतिवेदन (पुलिस या अभियोजन द्वारा) यदि कोई हो तो, की प्रति अभियुक्त को आदेश सुनाए जाने की तारीख को ही दी जाएगी।

(2) पीठासीन अधिकारी, किसी भी समुचित मामले में अपने स्वविवेकानुसार मामले के भारसाधक अभियोजक द्वारा कथन प्रस्तुत किए जाने पर जोर दे सकते हैं।"

3. नियम 170 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम जोड़ा जाए, अर्थात्;

"170.क. आरोप विरचित करने के आदेश के साथ दं.प्र.सं., 1973 की अनुसूची II के प्ररूप 32 में औपचारिक आरोप होगा जो कि पीठासीन अधिकारी द्वारा संपूर्ण एवं पूर्ण रूप से बुद्धि का संपूर्ण एवं पूर्ण अनुप्रयोग करके व्यक्तिगत रूप से तैयार किया जाएगा।"

4. नियम 180, 181, 182, 183, 184, 185, 186 एवं 187 के स्थान पर निम्नलिखित नियम स्थापित किए जाएं, अर्थात्;

"180. प्रक्रिया–

(1) साक्षियों की अभिसाक्ष्य, यदि संभव हो तो, टंकित प्रारूप में अभिलिखित की जाएगी। पीठासीन अधिकारी के बोलने पर न्यायालय में साक्ष्य का अभिलेख, यदि उपलब्ध हो तो कम्प्यूटर पर तैयार किया जाएगा। किसी मामले में, यदि टंकित प्रारूप में अभिसाक्ष्य को अभिलिखित करना संभव नहीं है तो साक्षी की अभिसाक्ष्य न्यायालय द्वारा उसकी स्वयं की हस्तलिपि में लिखी जाएगी।

परन्तु जब किसी मामले में अभिसाक्ष्य अंग्रेजी या राज्य की भाषा के अलावा किसी अन्य भाषा में अभिलिखित की जानी है, तो पीठासीन अधिकारी उसी समय या तो स्वयं या एक सक्षम अनुवादक के माध्यम से अभिसाक्ष्य का अंग्रेजी में अनुवाद करेगें।

(2) अभिसाक्ष्य को साक्षी की भाषा में और जब अनुवाद किया जाता है तो उपनियम (1) में यथा उपबंधित अंग्रेजी में अभिलिखित किया जाएगा।

(3) अभिसाक्ष्यों को बिना किसी अपवाद के पीठासीन अधिकारी द्वारा न्यायालय में पढ़कर सुनाया जाएगा। इस प्रकार अभिलिखित की गई गवाही की हार्ड कॉपी, जिसे पीठासीन अधिकारी/न्यायालय अधिकारी द्वारा एक सत्यप्रतिलिपि के रूप में सम्यक रूप से हस्ताक्षरित किया गया है, अभियुक्त या अभियुक्त का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता को, साक्षी को और अभियोजक को उसे अभिलिखित करने की तिथि पर, पावती लेकर, निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

(4) पीठासीन अधिकारी एक ही समय पर एक से अधिक प्रकरणों में साक्ष्य अभिलिखित नहीं करेंगे।

181. प्रत्येक न्यायालय में एक अनुवादक उपलब्ध कराया जाएगा और पीठासीन अधिकारियों को स्थानीय भाषाओं में, पीठासीन अधिकारी के निवेदन पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

यदि अनुवादक न्यायालय का कर्मचारी नहीं है या सरकार द्वारा नियुक्त अनुवादक नहीं है तो न्यायालय उसे उसकी सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक देने के लिए प्राधिकृत है, जो अर्द्धकुशल साक्षी को भुगतान किये गये डी ए की राशि से अधिक

नहीं हो। इस खाते के प्रभार उसी मद के नामे डाले जाएगें, जो साक्षी के खर्चे से संबंधित हो।

182. साक्षियों के प्ररूप–

(1) अभिसाक्ष्य विहित प्रपत्र पर और प्रथम पुरूष में अभिलिखित किये जाएगें।

(2) प्रत्येक साक्षी की अभिसाक्ष्य, अलग–अलग पैराग्राफ में विभक्त कर पैरासंख्या देते हुए अभिलिखित की जायेगी।

(3) अभियोजन साक्षियों को क्रमानुसार अ.सा. 1, अ.सा. 2 आदि के रूप में संख्यांकित किया जाएगा। इसी प्रकार बचाव साक्षियों को क्रमानुसार ब.सा. 1, ब.सा. 2 आदि के रूप में संख्यांकित किया जाएगा। न्यायालीय साक्षियों को क्रमानुसार न्या.सा. 1, न्या.सा. 2 आदि के रूप में संख्यांकित किया जाएगा।

(4) यदि अभिसाक्ष्य एक ही पत्रक में पूरा नहीं किया जा सके, तो इसे अगले पत्रक में जारी रखा जाना चाहिए। प्रथम अनुवर्ती पत्रक पर "2", दूसरे पर "3" और इसी प्रकार आगे की संख्या लिखी जाएगी। प्रत्येक पत्रक पर क्रमांक तथा अ.सा., ब.सा., न्या. सा. के रूप में संख्या इंगित करते हुए साक्षी का नाम होना चाहिए। प्रत्येक साक्षी का अभिसाक्ष्य पृथक–पृथक पत्रक पर और संहिता में विहित रीति में अभिलिखित किया जाना चाहिए। एक साक्षी का अभिसाक्ष्य विस्तारपूर्वक अभिलिखित करके और अन्य साक्षियों के नामों के सम्मुख यह प्रविष्ट करना कि वे "उपरोक्तानुसार कथन करते हैं" अवैध है।

(5) अभिसाक्ष्य पत्रकों और अनुवर्ती पत्रकों, दोनों के शीर्षक निरपवाद रूप से पीठासीन अधिकारी द्वारा स्वयं भरे जाने चाहिए। पूर्व दशा में, जब अपेक्षित हो, "प्रतिज्ञान" के स्थान पर शब्द "शपथ" स्थापित किया जाएगा। यदि साक्षी स्वयं की सही आयु बताने में समर्थ प्रतीत नहीं होता है तब शीर्षक में कथित आयु पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमानित की जाएगी। यदि, किसी विशेष कारण से, साक्षी का उसकी स्वयं की आयु के संबंध में कथन लिखा जाना आवश्यक हो, तो वह अभिसाक्ष्य के अंग के रूप में लिखा जाएगा। साक्षी का नाम, उसके पिता का नाम, निवास स्थान एवं व्यवसाय की विशिष्टियां उसके अभिसाक्ष्य का ही भाग होते हैं और यह शपथ या प्रतिज्ञान दिलाए जाने तक अभिलिखित नहीं किए जाने चाहिए। साक्षी का व्यवसाय यथार्थता के साथ अभिकथित किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए "नौकरी" पर्याप्त विवरण नहीं है, यह कथित होना चाहिए कि साक्षी किस प्रकार की नौकरी में है। इसी प्रकार, "निजी सेवा", जिसका तात्पर्य लोक–नियोजन के विपरीत निजी नियोजन से अधिक कुछ नहीं होता, इसे किसी विशिष्ट प्रकार के नियोजन के रूप में विचारित किया जाना चाहिए। किसी साक्षी का व्यवसाय केवल शासकीय सेवक नहीं लिखा जाना चाहिए, इसका कारण यह है कि सामान्यतः यह जानना उपयोगी होता है कि वह किस प्रतिष्ठा का है तथा कभी यह जानना विशेष महत्व का होता

है कि क्या वह पुलिस अधिकारी है या नहीं। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि स्थानीय रूप से विख्यात एक साक्षी न्यायालय में विख्यात नहीं भी हो सकता है, जिसके लिये अन्ततः अभिलेख प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि साक्षी विवाहित स्त्री है तब उसके पिता के स्थान पर उसके पति का नाम लिखा जाना चाहिए।

(6) अभिसाक्ष्य अभिलिखित करते समय, बोलचाल की भाषा के शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए और यदि ऐसे शब्द आवश्यक हैं तो उनके निकटतम अर्थ को कोष्ठकों में बताया जाना चाहिए ताकि संदिग्धता से बचा जा सके। भारतीय तिथियों के बाद कोष्ठकों में उनके अंग्रेजी समकक्ष होने चाहिए।

(7) यदि कोई साक्षी कुछ सीमा चिन्हों को दर्शाते हुए दूरी के संबंध में कथन करता है, तो पीठासीन अधिकारियों द्वारा अनुमानित दूरी अभिनिश्चित की जानी चाहिए तथा कोष्ठकों में उल्लिखित की जानी चाहिए।

(8) पीठासीन अधिकारी को साक्षी की भाव–भंगिमा के संबंध में टिप्पणी देने में, जबकि ऐसी भाव–भंगिमा ध्यान देने योग्य है तथा साक्षी द्वारा दी गई साक्ष्य के मूल्यांकन में उसके अनुमान को प्रभावित करती है, चूक नहीं करनी चाहिए।

(9) अभिसाक्ष्यों का अभिलेख मुख्य परीक्षण, प्रति परीक्षण एवं पुनः परीक्षण की तिथि उपदर्शित करेगा।

(10) पीठासीन अधिकारी, जहां कहीं आवश्यक हो, अभिसाक्ष्य को प्रश्न व उत्तर के रूप में अभिलिखित करेंगें।

(11) अभियोजन अथवा बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा की गई आपत्तियों पर ध्यान दिया जाएगा तथा उन्हें साक्ष्य में परिलक्षित किया जाएगा तथा उन्हें यथाशीघ्र, विधि के अनुसार या विद्वान न्यायाधीश के विवेक पर, प्रश्नगत साक्षी की अभिसाक्ष्य की समाप्ति पर विनिश्चित किया जाएगा।

(12) किसी पश्चातवर्ती तिथि पर साक्षी का नाम और क्रमांक स्पष्ट रूप से वर्णित किया जाएगा, यदि साक्ष्य उस तिथि पर समाप्त नहीं होती है जिस तारीख को वह आरंभ होती है।

(13) प्रत्येक साक्षी की साक्ष्य को, उस साक्षी को पढ़कर सुनाना चाहिए अथवा इसे स्वयं साक्षी द्वारा पढ़ा जा सकता है। प्रत्येक अभिसाक्ष्य को पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित (ना केवल अद्योहस्ताक्षरित) किया जाना चाहिए, जिन्हें अपने हस्ताक्षर में कम से कम अपने अधिकारिक पदनाम को दर्शाने वाले आद्याक्षरों को जोड़ना चाहिए, ताकि अभिसाक्ष्य स्वयं में पूर्ण हो सके। प्रत्येक अभिसाक्ष्य पत्र साक्षी द्वारा हस्ताक्षरित/अंगुष्ठ चिन्हित, जैसी भी स्थिति हो, किया जाएगा।

टिप्पणी:– किसी अभिसाक्ष्य या न्यायिक कार्यवाहियों के अभिलेख के भाग में किए गए प्रत्येक परिवर्तन, अंतरालेखन तथा मिटाऐ जाने को सदैव उसी समय पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने अद्योहस्ताक्षरों द्वारा अनुप्रमाणित किया जाएगा। वह अभिसाक्ष्यों

या साक्ष्य के ज्ञापन को टंकित कर सकेगा किंतु वह ऐसी टंकित विषयवस्तु के प्रत्येक पृष्ठ को हस्ताक्षरित करेगा।

(14) प्रत्येक अभिसाक्ष्य के अंत में, पीठासीन अधिकारी द्वारा निम्नलिखित रीति में एक प्रमाणपत्र अनुलग्नित किया जाएगाः–

"मेरे द्वारा न्यायालय में लिखा गया या लिखवाया गया तथा साक्षी द्वारा समझा/पढ़ा गया अथवा साक्षी को समझाया/पढ़कर सुनाया गया।"

(15) यदि साक्षी अभिलेख की शुद्धता स्वीकार करता है, अथवा जब कोई आवश्यक शुद्धियां की गई है, तब पीठासीन अधिकारी को अभिसाक्ष्य के पाद भाग पर अलग से उपयुक्त पृष्ठांकन करके तथा हस्ताक्षरित करके उसे प्रमाणित करना चाहिए। यदि साक्षी साक्ष्य के किसी भाग की शुद्धता उस समय अस्वीकार करता है जब ऐसा भाग उसे पढ़कर सुनाया जाता है, तब पीठासीन अधिकारी अभिलेख में सुधार करने के बजाए, साक्षी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति का उस पर ज्ञापन बना सकेगा एवं ऐसी विशिष्टियां जोड़ेगा जिन्हें वह आवश्यक समझे।

183. श्रव्य–दृश्य संपर्क के माध्यम से साक्ष्य का अभिलेखन–

साक्ष्य का श्रव्य–दृश्य संपर्क के माध्यम से अभिलेखन इस संबंध में पृथक रूप से बनाए गए नियमों के अनुसार किया जाएगा।

टिप्पणीः वर्तमान में "मध्यप्रदेश जिला न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेसिंग एवं ऑडियो–विजुअल इलेक्ट्रॉनिक लिंकेज नियम, 2020" दिनांक 20.11.2020 को राजपत्र में अधिसूचित किए गए हैं।

184. आवश्यक वस्तुओं एवं साक्ष्य का प्रदर्शित किया जाना–

(1) अभियोजन प्रदर्श पी 1, पी 2 आदि के रूप में क्रमानुसार चिन्हांकित किए जाएंगे। समानतः, प्रतिरक्षा प्रदर्श, प्रदर्श डी 1, डी 2 आदि के रूप में क्रमानुसार चिन्हित किए जाएंगे। न्यायालय प्रदर्श, प्रदर्श सी 1, सी 2 आदि के रूप में क्रमानुसार चिन्हित किए जाएंगें।

(2) उस साक्षी का आसानी से पता लगाने के लिए, जिसके माध्यम से सर्वप्रथम साक्ष्य में दस्तावेज प्रस्तुत किया गया था, प्रदर्श क्रमांक आगे, प्रदर्श संख्या के पश्चात् ऐसे साक्षी की साक्षी संख्या दर्शित करेंगें। यदि कोई प्रदर्श, बिना उचित प्रमाण के चिन्हित किया गया है, तो उसे कोष्ठक में (प्रमाण के अध्यधीन) दिखाकर दर्शाया जावेगा।

स्पष्टीकरणः यदि अभियोजन साक्षी क्र.1 (अ.सा.1) साक्ष्य में कोई प्रलेख प्रस्तुत करता है, तो उस प्रलेख को प्रदर्श पी. 1/अ.सा. 1 चिन्हित किया जाएगा। यदि उस प्रलेख को चिन्हांकित किए जाने के समय उसके लिए उचित प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उसे प्रदर्श पी 1/अ.सा. 1 (प्रमाण के अधीन) चिन्हांकित किया जाएगा। अ.सा.1 द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रलेख प्रदर्श पी. 2/अ.सा. 1 होगा।

(3) आवश्यक वस्तुएं क्रमानुसार आ.व. 1, आ.व. 2 इत्यादि के रूप में चिन्हित की जाएंगी।

185. अभियुक्त, साक्षी, प्रदर्शों तथा आवश्यक वस्तुओं का पश्चात्वर्ती उद्धरण–

(1) आरोप विरचना के पश्चात्, अभियुक्तों को आरोप में अभियुक्त श्रृंखला में उनकी रैंक व उनके नाम अथवा अन्य संदर्भों से संदर्भित किया जाएगा।

(2) साक्षियों की साक्ष्य अभिलिखित करने, प्रदर्श व आवश्यक वस्तुओं को चिन्हित करने के पश्चात्, अन्य साक्षियों की साक्ष्य अभिलिखित करने के दौरान, साक्षीगण, प्रदर्श व आवश्यक वस्तुएं उनके क्रमांक से संदर्भित की जाएंगी ना कि उनके नामों या अन्य संदर्भों से।

(3) जहां शिकायत या पुलिस रिपोर्ट में उद्धरित साक्षियों का परीक्षण नहीं हुआ है, वे उनके नामों व शिकायत या पुलिस रिपोर्ट में उन्हें आवंटित संख्या से संदर्भित किये जाएंगे।

186. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 व 164 के अंतर्गत कथन संबंधी उद्धरण–

(1) प्रतिपरीक्षण के दौरान संबंधित साक्षी का खंडन करने के लिए इस्तेमाल किये गये धारा 161 द.प्र.सं. के तहत दर्ज बयान के सुसंगत हिस्से को उद्धृत किया जाएगा। यदि उपरोक्तानुसार सुसंगत अंश उद्धृत किया जाना संभव न हो, तो पीठासीन अधिकारी, अपने स्वविवेक से, ऐसे सुसंगत अंश के प्रारंभिक व अंतिम शब्दों को, पृथक अंकन के माध्यम से, अभिसाक्ष्य अभिलिखित करते समय विनिर्दिष्टतः दर्शायेगा।

(2) ऐसे मामलों में, जहां सुसंगत अंश उद्धृत नहीं किया जाता है, केवल अंशों को ही अभियोजन या बचाव प्रदर्श के रूप में, जैसी भी स्थिति हो, स्पष्टतः चिन्हित किया जाएगा, ताकि साक्ष्य के अन्य अग्राह्य भाग अभिलेख का हिस्सा न हो।

(3) ऐसे मामलों में, जहां सुसंगत अंश उद्धृत नहीं किया जाता, वहां ग्राह्य भाग को स्पष्टतः अभियोजन अथवा बचाव प्रदर्श के रूप में, जैसी भी स्थिति हो, चिन्हित किया जाएगा।

(4) जब कभी जीवित व्यक्तियों के पूर्व कथनों के ऐसे अंश विरोधाभास/संपुष्टि हेतु प्रयुक्त किए जाते हैं, तब धारा 161 के अधीन अभिलिखित कथनों पर लागू होने वाले पूर्वोक्त नियम, द.प्र.सं. की धारा 164 के अंतर्गत अभिलिखित किए गये कथनों पर यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगें।

(5) द.प्र.सं. की धारा 161 व 164 के अधीन संपूर्ण कथन का सर्वव्यापक अंकन नहीं किया जाएगा।

187. संस्वीकृति कथनों का चिन्हांकन–

पीठासीन अधिकारी भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 8 अथवा धारा 27 के अधीन ज्ञापन का प्रदर्श चिन्हित करने के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करेगें कि

ऐसे ज्ञापन के ग्राह्य भाग को चिन्हित किया गया है तथा ऐसे भाग को एक पृथक पृष्ठ पर निकाला गया है तथा चिन्हित किया गया है और एक प्रदर्श संख्या दी गई है।"

5. नियम 189 का लोप किया जाए।

6. नियम 191 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात्;

"191. शीघ्र विचारण हेतु निर्देश –

(1) प्रत्येक जांच व विचारण में, कार्यवाहियां यथासंभव शीघ्रता से की जाएंगी, एवं, विशेष रूप से, जब एक बार साक्षियों का परीक्षण आरंभ हो गया है, तो वे सभी हाज़िर साक्षियों की परीक्षा हो जाने तक दिन–प्रतिदिन जारी रखी जाएंगीं, जब तक कि ऐसे कारणों से, जो लेखबद्ध किए जाएंगे, न्यायालय उन्हें अगले दिन से परे स्थगित करना आवश्यक न समझे। (द.प्र.सं., 1973 की धारा 309(1))। इस प्रयोजनार्थ, प्रारंभ में एवं आरोप की विरचना के तत्काल बाद, न्यायालय यह ध्यान में रखकर कि क्या साक्षी महत्वपूर्ण हैं अथवा चक्षुदर्शी साक्षी हैं, अथवा औपचारिक साक्षी हैं अथवा विशेषज्ञ हैं, साक्ष्य अभिलिखित करने हेतु लगातार तारीखों को सुनिश्चित करने व नियत करने के लिए समयबद्ध सुनवाई आयोजित करेगा, न्यायालय तब ऐसी निरंतर तारीखों को दर्शित करते हुए एक कार्यक्रम बनाएगा, जब साक्षियों का परीक्षण किया जाएगा; यह किसी एक दिनांक को साक्षियों के एक समूह की, अगली दिनांक को अन्य समूह की और इसी तरह आगे, अभिसाक्ष्यों के अभिलेखन का कार्यक्रम बनाने हेतु स्वतंत्र है। न्यायालय, विचारण आरंभ होने के पूर्व, यह भी सुनिश्चित करेगा कि क्या पक्षकार द.प्र.सं., 1973 की धारा 294 के अंतर्गत किसी दस्तावेज को स्वीकृत कराना चाहते है एवं उन्हें ऐसा करने की अनुज्ञा देगा, जिसके पश्चात् विचारण हेतु ऐसी लगातार तारीखें नियत की जाएंगी।

(2) विचारण के आरंभ होने के पश्चात्, यदि न्यायालय यह आवश्यक या उचित समझता है कि किसी जांच या विचारण का आंरभ करना मुल्तवी कर दिया जाए या उसे स्थगित कर दिया जाए तो वह समय–समय पर, ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे, ऐसे निबंधनों पर, जैसे वह ठीक समझे, उतने समय के लिए जितना वह युक्तियुक्त समझे, उसे मुल्तवी या स्थगित कर सकेगा। यदि साक्षी हाजिर हों तब उनकी परीक्षा किए बिना स्थगन या मुल्तवी करने की मंजूरी विशेष कारणों के बिना, जो लेखबद्ध किए जाएंगे, नहीं दी जाएगी। (द.प्र.सं. 1973 की धारा 309(2))

(3) सत्र मामलों को अन्य कार्यों से अधिक प्राथमिकता दी जा सकती है एवं जब तक किसी दिन कोई सत्र कार्य पूर्ण नहीं होता, तो सत्र दिनों में कोई अन्य कार्य नहीं लिया जाएगा। जब एक बार कोई सत्र मामला नियत किया जाता है, तो जब तक अपरिहार्य ना हो, उसे मुल्तवी नहीं किया जाना चाहिए, और जब एक बार विचारण प्रारंभ हो चुका है तो इसके पूर्ण होने तक इसे दिन–प्रतिदिन जारी रखना चाहिए।

यदि किसी कारण से, किसी मामले को स्थगित या मुल्तवी करना हो तो दोनों पक्षों को इसकी सूचना तुरंत दी जानी चाहिए तथा साक्षियों को रोकने एवं स्थगित तारीख पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए।"

7. नियम 238 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम जोड़े जाएं, अर्थात्;

"238.क. प्रत्येक निर्णय में निम्नलिखित अंतर्विष्ट होगें–

(1) नियमों के प्ररूप–घ के अनुसार पक्षकारों के नाम दर्शित करने वाली प्रस्तावना से शुरूआत।

(2) नियमों के प्ररूप–ड़ के अनुसार सारणीबद्ध विवरण।

(3) नियमों के प्ररूप–च के अनुसार अभियोजन साक्षी, बचाव साक्षी, न्यायालय साक्षी, अभियोजन प्रदर्श, बचाव प्रदर्श, न्यायालय प्रदर्श एवं आवश्यक वस्तुओं की सूची देते हुए परिशिष्ट।

238.ख. द.प्र.सं., 1973 की धारा 354 एवं 355 के अनुपालन में, समस्त मामलों में निर्णय में अंतर्विष्ट होंगेः

क. अवधारण के लिए एक या अधिक प्रश्न,

ख. उन पर विनिश्चय, एवं

ग. विनिश्चय का कारण।"

8. नियम 240 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात्;

"240(1) निर्णय युक्तियुक्त लंबाई के पदों में लिखा जायेगा और प्रत्येक पद को क्रमानुसार संख्यांकित किया जायेगा। यथाविधि वे नियत टंकित पृष्ठ के लगभग तीन चौथाई से अधिक नहीं होना चाहिए तथा उनका उपपदों में विभाजन करने से बचा जाना चाहिए। पीठासीन अधिकारी, अपने स्वविवेक से, निर्णय को विभिन्न वर्गों में व्यवस्थित कर सकते हैं। यह मुख्यतः अपीलीय अथवा पुनरीक्षण की न्यायालय में तर्क के दौरान, निर्णय के किसी विशेष भाग के उल्लेख को सुविधाजनक बनाने के लिए हैं।

(2) प्रारंभिक पदों में कमोवेश आरोप के विवरण देते हुए संक्षेप में यह बताया जाना चाहिए कि किस व्यक्ति पर क्या करने का आरोप है, जिससे कि प्रारंभ से ही यह बात पता लग जाए कि निर्णय किस बारे में है।

(3) अगले एक या दो पदों में स्वीकृत/अविवादित तथ्य दिये जाने चाहिए और अभियोजन मामले तथा प्रतिरक्षा के मध्य स्पष्ट रूप से अंतर करते हुए संक्षेप में उल्लेख करना चाहिए कि क्या स्वीकृत/अविवादित है और क्या नहीं ग्रामों तथा स्थानों की दशा, उनके मध्य की दूरी एवं पक्षकारों एवं साक्षियों के आपसी संबंध जैसे विषयों का संकेत किया जाना चाहिए, जब ऐसे विवरण ऐसे मामलों को स्पष्टतः समझने के लिए आवश्यक हों।

(4) उसके पश्चात् पक्ष एवं विपक्ष के साक्ष्य को क्रमबद्ध करते हुए एवं तर्क पर विचार करते हुए और दूसरे बिंदु पर अग्रसर होने के पूर्व पहले बिंदु पर स्पष्ट निष्कर्ष देते हुए जो बिंदु निर्णय के लिए उठते हैं उन्हें एक के बाद एक उल्लिखित करना चाहिए। विभिन्न बिन्दुओं को पृथक–पृथक पदों में अभिलिखित किए जाना चाहिए किंतु कुछ बिदुंओं के लिए एक से अधिक पदों की आवश्यकता पड़ सकती है। उद्देश्य के प्रश्न पर पहले विचार करना अनुचित है, क्योंकि वह ऐसे तर्क को आमंत्रित करता है कि एतद् द्वारा न्यायालय मामले के गुणदोषों का पूर्व से ही निर्णय कर लेती है।

(5) स्पष्ट एवं अविवादित बिन्दु पर श्रम नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि यह पाया जाता है कि एक व्यक्ति का सिर उसके शरीर से लगभग अलग हो गया है तो इस साक्ष्य पर विवेचन करना कभी–कभी ही आवश्यक हो सकता है कि वह व्यक्ति उसके बहुत पहले स्वस्थ नहीं था; उसकी चोटों की प्रकृति को इंगित करना और यह कहना कि यह स्पष्ट है और विवादित नहीं रहा है कि उसकी हत्या की गई थी, सामान्यतः पर्याप्त होगा और कि विनिश्चय के लिए केवल प्रश्न यह है कि उसकी किसने हत्या की।

(6) विनिश्चय हेतु उत्पन्न समस्त बिन्दुओं के विनिश्चय के पश्चात् सम्पूर्ण मामले का निर्णय उसी अथवा आगामी पद में दंडादेश, यदि कोई हो, सहित होगा। यदि अभियुक्त द्वारा एक से अधिक अपराध किया जाना पाया जाता है तब प्रत्येक अपराध के किये पृथक दंडादेश जब तक कि उससे भारतीय दंड संहिता की धारा 71 का अतिलंघन न होता हो, पारित किया जाना चाहिए, किंतु ऐसे दंडादेश समवर्ती रूप से चल सकेंगे।

(7) न्यायाधीश अथवा मजिस्ट्रेट को निर्णय का लेखन तब तक प्रारंभ नहीं करना चाहिए जब तक कि वह अपने मस्तिष्क में यह स्पष्ट नहीं कर लेता है कि कौन–कौन से बिन्दु पर उसे विनिश्चत करना है, उनका वह किस प्रकार निर्णय करने जा रहा है, और उनके निष्कर्षों के क्या कारण हैं तब वह इन बिदुंओं की, जहां तक संभव हो, स्पष्ट और संक्षिप्त चर्चा करेगा। निर्णय जब तक बाद में सतर्कतापूर्वक पढ़ा नहीं जाता और जहां आवश्यक हो सुधारा नहीं जाता, तब तक उसका पूरी तरह स्पष्ट होना असंभावित है।

(8) ये टिप्पणियां मुख्यतः विचारण न्यायालयों के मार्गदर्शन के लिए आशयित है, किन्तु सामान्य सिद्धांत अपील एवं पुनरीक्षण न्यायालयों द्वारा भी ध्यान में रखे जाना चाहिए।"

9. नियम 243 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात्;

"**243.** (1) निर्णय में अभियुक्त, साक्षीगण, प्रदर्श तथा आवश्यक वस्तुओं को उनके नामपद्धति अथवा संख्या द्वारा संदर्भित किया जाएगा और न केवल उनके नाम से या अन्यथा।

जहां कहीं भी, अभियुक्त अथवा साक्षियों को उनके नाम से निर्दिष्ट करने की आवश्यकता हो, संख्या को कोष्ठक में उपदर्शित किया जाएगा।

(2) दोषसिद्धि के मामले में, अंर्तग्रस्त अपराध एवं दी गई सजा को निर्णय में पृथक रूप से दर्शाया जाएगा। यदि कई अभियुक्तगण है, तो उनमें से प्रत्येक के बारे में पृथक से कार्यवाही की जाएगी। दोषमुक्ति के मामले में एवं यदि अभियुक्त परिरोध में है, तो अभियुक्त को मुक्त करने के लिए निर्देश दिया जाएगा, जब तक कि ऐसा अभियुक्त किसी अन्य मामले में अभिरक्षा में न हो।"

10. नियम 458 में, अंतिम दो पैराग्राफ लोप किये जाएं।

11. प्ररूप–ग के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप जोड़े जाएं, अर्थात्;

प्ररूप–घ

समक्ष न्यायालयः ..... समक्ष ..... सत्र न्यायाधीश [निर्णय की तारीख] [प्रकरण सं. ..... /20 .....] (प्र.सू.रि./ अपराध और पुलिस थाने का विवरण)	
परिवादी	राज्य ..... या परिवादी का नाम
प्रतिनिधित्व द्वारा	अधिवक्ता का नाम
अभियुक्त	(1) नाम सभी विशिष्टयों सहित (अ 1) (2) नाम सभी विशिष्टयों सहित (अ 2)
प्रतिनिधित्व द्वारा	अधिवक्तागण का नाम

प्ररूप–ड़

अपराध की तारीख	
प्र.सू.रि. की तारीख	
आरोप–पत्र की तारीख	
आरोपों के विरचना की तारीख	
साक्ष्य प्रारम्भ किये जाने की तारीख	
निर्णय सुरक्षित किए जाने की तारीख	
निर्णय की तारीख	
दंडादेश, यदि कोई हो, की तारीख	

अभियुक्त का विवरण

अभियुक्त की श्रेणी	अभियुक्त का नाम	गिरफ्तारी की तारीख	जमानत पर रिहा किये जाने की तारीख	अपराध जिनका आरोप है	दोषमुक्ति या दोषसिद्धि	अधिरोपित दंडादेश	धारा 428 द.प्र.सं. के प्रयोजनार्थ विचारण के दौरान भोगी गई निरोध की अवधि

प्ररूप–च

अभियोजन/ प्रतिरक्षा/ न्यायालयीन साक्षियों की सूची

क. अभियोजन

श्रेणी	**नाम**	**साक्ष्य की प्रकृति** (चक्षुदर्शी साक्षी, पुलिस साक्षी, विशेषज्ञ साक्षी, चिकित्सीय साक्षी, पंच साक्षी, अन्य साक्षी)
अ.सा. 1		
अ.सा. 2		

ख. प्रतिरक्षा साक्षी, यदि कोई हो: –

श्रेणी	**नाम**	**साक्ष्य की प्रकृति** (चक्षुदर्शी साक्षी, पुलिस साक्षी, विशेषज्ञ साक्षी, चिकित्सीय साक्षी, पंच साक्षी, अन्य साक्षी)
ब.सा. 1		
ब.सा. 2		

ग. न्यायालयीन साक्षी, यदि कोई हो: –

श्रेणी	**नाम**	**साक्ष्य की प्रकृति** (चक्षुदर्शी साक्षी, पुलिस साक्षी, विशेषज्ञ साक्षी, चिकित्सीय साक्षी, पंच साक्षी, अन्य साक्षी)
न्या.सा. 1		
न्या.सा. 2		

अभियोजन/ प्रतिरक्षा/ न्यायालयीन प्रदर्शों की सूची

क. अभियोजन

सं. क्र.	प्रदर्श संख्या	विवरण
1	प्रदर्श पी. 1/ अ.सा. 1	
2	प्रदर्श पी. 2/ अ.सा. 2	

ख. प्रतिरक्षा :

सं. क्र.	प्रदर्श संख्या	विवरण
1	प्रदर्श डी. 1/ब.सा. 1	
2	प्रदर्श डी. 2/ब.सा. 2	

ग. न्यायालयीन प्रदर्श :

सं. क्र.	प्रदर्श संख्या	विवरण
1	प्रदर्श सी. 1/ न्या.सा. 1	
2	प्रदर्श सी. 2/ न्या.सा. 2	

घ. आवश्यक वस्तुएं :

सं. क्र.	भौतिक सामग्री संख्या	विवरण
1	आ.व. 1	
2	आ.व. 2	

*****

माननीय उच्च न्यायालय के
आदेशानुसार,
कृष्णमूर्ति मिश्रा, रजिस्ट्रार जनरल

मध्यप्रदेश सिविल न्यायालय नियम, 1961 में संशोधन

जबलपुर, दिनांक 19 मई 2022

क्र. D–1176,

भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के साथ पठित सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (क्रमांक 5 सन् 1908) की धारा 122 एवं मध्य प्रदेश सिविल न्यायालय अधिनियम, 1958 (क्रमांक 19 सन् 1958) की धारा 23, द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग 5 में लाते हुए, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, एतद् द्वारा, सिविल अपील क्रं. 2021 का 1659–1660 / विशेष अनुमति याचिका क्रमांक 7965–7966 / 2020 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्देश दिनांक 22.04.2021 के अनुसरण में मध्य प्रदेश सिविल न्यायालय नियम, 1961 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:–

संशोधन

उक्त नियमों में,–

1. नियम 138 के उप–नियम (1) में, प्रारंभ में शब्द, क्रमांक तथा अक्षरों "आदेश 10 नियम 1 प्रावधानों की ओर जो कदाचित ही पालन किए जाते हैं की ओर पीठासीन न्यायाधीशों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।" के स्थान पर, निम्नलिखित शब्द, क्रमांक तथा अक्षर प्रतिस्थापित किये जाएं, अर्थात्:–

   "कब्ज़ा देने से संबंधित वादों में, न्यायालय को तीसरे पक्ष के हित के संबंध में आदेश 10 के अंतर्गत वाद के पक्षकारों की परीक्षा करना चाहिए। पीठासीन अधिकारी सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 10 नियम 1 के उपबंधों का पालन करेंगे।"

2. नियम 143 में,–

   (1) उप–नियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

   "(1–क) कब्जा देने से संबंधित वादों में, न्यायालय को आदेश 11 नियम 14 के अतंर्गत शक्ति का प्रयोग करना चाहिए, जिसमें पक्षकारों को शपथ पर, ऐसे दस्तावेज प्रकट एवं पेश करने के लिए कहा जाए, जो पक्षकारों के कब्जे में हों, जिसमें ऐसी संपत्तियों में तीसरे पक्ष के हित से संबंधित घोषणा शामिल है।"

   (2) उप–नियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

   "(2–क) आदेश 10 के अंतर्गत पक्षकारों की परीक्षा या आदेश 11 के अंतर्गत दस्तावेज की प्रस्तुति या कमीशन की रिपोर्ट की प्राप्ति के पश्चात्, न्यायालय को वाद के सभी आवश्यक या उचित पक्षकारों को जोड़ना चाहिए जिससे कार्यवाहियों की बहुलता से बचा जा सके एवं ऐसे वाद हेतुकों का संयोजन भी उसी वाद में करना चाहिए।"

   (3) उप–नियम (4) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"(5) धन के संदाय के लिए वाद में, विवाद्यकों के स्थिरीकरण के पूर्व, प्रतिवादी जहाँ तक उसे वाद में उत्तरदायी बनाया जा रहा है, उस सीमा तक अपनी संपत्ति को शपथ पर प्रकट करने हेतु अपेक्षित किया जा सकेगा। न्यायालय इसके अतिरिक्त, किसी भी प्रक्रम पर, समुचित मामलों में, वाद लंबित रहने के दौरान, सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत शक्तियों को उपयोग करते हुए, किसी आज्ञप्ति की संतुष्टि सुनिश्चित करने हेतु प्रतिभूति अपेक्षित कर सकती है।"

3. नियम 168 में, विद्यमान पैराग्राफ उप–नियम (1) के रूप में क्रमांकित किया जाए व इस प्रकार क्रमांकित उप–नियम (1) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"(2) न्यायालय को, किसी संपत्ति के कब्जे के परिदान के संबंध में आज्ञप्ति पारित करने के पूर्व आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आज्ञप्ति न केवल उस संपत्ति का स्पष्ट विवरण समाहित करे, बल्कि संपत्ति की स्थिति के संबंध में भी असंदिग्ध हो।"

4. नियम 184 में, उप–नियम (1) के अंत में, शब्दों "वाद का निराकरण यथासम्भव शीघ्र हो जाए।" के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात्:–

"वे प्रवर्तन प्रकरण प्रस्तुत करने की दिनांक से छः माह के भीतर निराकृत हो जाएं, जिसे केवल लिखित में, ऐसे विलंब के कारणों को अभिलिखित करने पर ही बढ़ाया जा सकेगा।"

5. नियम 187 में, विद्यमान पैराग्राफ, उप–नियम (1) के रूप में क्रमांकित किया जाए व इस प्रकार क्रमांकित उप–नियम (1) के पश्चात्, निम्न उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"(2) धन संबंधी वाद में, न्यायालय अनिवार्यतः निरपवाद रूप से आदेश 21 नियम 11 का प्रयोग कर, मौखिक आवेदन पर धन के भुगतान हेतु आज्ञप्ति के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करेगा।"

6. नियम 197 में, विद्यमान पैराग्राफ को उप–नियम (1) के रूप में क्रमांकित किया जाए और इस प्रकार क्रमांकित उप–नियम (1) के बाद निम्न उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"(2) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 60 के अंतर्गत पद "..... निर्णीत–ऋणी के नाम में या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसके लिए न्यास में या उसकी ओर से" को किसी अन्य व्यक्ति, जिससे वह हिस्सा, लाभ या संपत्ति प्राप्त करने की योग्यता रखता हो, को सम्मिलित करने हेतु उदारतापूर्वक पढ़ा जाना चाहिए।"

7. नियम 204 के बाद, निम्नलिखित नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"204–क (1) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 47 या आदेश 21 के अंतर्गत अधिकारिता का प्रयोग करने वाले न्यायालय को अधिकारों का दावा करने वाले तीसरे पक्ष के आवेदन पर यंत्रवत सूचना जारी नहीं करना चाहिए। अग्रेतर, न्यायालय को ऐसे किसी भी आवेदन (आवेदनों) पर विचार करने से बचना चाहिए जिस पर पहले ही न्यायालय द्वारा वाद के न्यायनिर्णयन के समय विचार किया जा चुका हो या जो ऐसा विवाद्यक उठाता हो जो अन्यथा वाद के न्यायनिर्णयन के दौरान

उठाया और न्यायनिर्णीत किया जा सकता था यदि आवेदक द्वारा सम्यक सावधानी बरती गई होती।

(2) न्यायालय का निष्पादन की कार्यवाही के दौरान केवल आपवादिक व दुर्लभ मामलों में ही साक्ष्य लेने की अनुमति देनी चाहिए, जहां तथ्य का प्रश्न किसी अन्य त्वरित तरीके, जैसे कमिश्नर की नियुक्ति या शपथपत्र के साथ फोटो या वीडियो सहित इलेक्ट्रॉनिक सामग्री मंगाने, का सहारा लेकर विनिश्चित नहीं किया जा सकता।

(3) न्यायालय को उपयुक्त मामलों में, जहां वह आपत्ति या प्रतिरोध या दावा तुच्छ या दुर्भावनापूर्ण लगता है, आदेश 21 के नियम 98 के उप–नियम (2) का सहारा लेना चाहिए और साथ ही साथ धारा 35–क के अनुसार प्रतिकारात्मक खर्चे अनुदत्त करने चाहिए।"

8. नियम 232 में,–

(1) उप–नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप–नियम स्थापित किया जाए, अर्थात्:–

"(1) निष्पादन न्यायालय इस तथ्य से संतुष्ट होने पर कि पुलिस की सहायता के बिना डिक्री का निष्पादन संभव नहीं है, जिला पुलिस अधीक्षक/संबंधित थाने के भारसाधक अधिकारी को ऐसे कर्मचारियों को पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दे सकता है जो डिक्री के निष्पादन की दिशा में कार्य कर रहे हैं।"

(2) उप–नियम (2) में, "जिला पुलिस अधीक्षक" शब्दों के बाद चिन्ह व शब्द "/संबंधित थाने के भारसाधक अधिकारी" अंतर्विष्ट किए जाएं, जहाँ कहीं भी वे आते हैं।

(3) उप–नियम (2) के पष्चात्, निम्नलिखित उप–नियम जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"(3) यदि लोक सेवक के विरूद्ध उसके कर्त्तव्यों के निर्वहन के दौरान किसी अपराध को न्यायालय के ज्ञान में लाया जाता है, तो उससे विधि के अनुसार कड़ाई से निपटा जाना चाहिए।"

9. नियम 243 के उप–नियम (1) में, अंत में, "सिविल प्रक्रिया संहिता" शब्दों के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"तथा उपयुक्त मामले, जहाँ कब्ज़ा विवादित नहीं है और न ही न्यायालय के समक्ष न्यायनिर्णयन हेतु वह तथ्य का प्रश्न है, तब संपत्ति के सटीक विवरण तथा स्थिति का आकलन करने के लिए कमीशन जारी किया जा सकता है।"

10. नियम 276 में, अंत में, निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"मामले के यथोचित न्यायनिर्णयन हेतु एक न्यायालय प्रापक को प्रश्नगत संपत्ति की स्थिति की निगरानी करने के लिए विधिक अभिरक्षक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।"

माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार,
कृष्णमूर्ति मिश्रा, रजिस्ट्रार जनरल

दण्ड विधि (मध्यप्रदेश संशोधन) अधिनियम, 2019

(दिनांक 28 जून, 2022 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हुई; अनुमति;
''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'' में दिनांक 7 जुलाई, 2022 को प्रथमबार प्रकाशित की गई.)

मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए रूप में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को और संशोधित करने हेतु अधिनियम,

भारत गणराज्य के सत्तरवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान–मंडल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

अध्याय–एक

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**.– (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम दण्ड विधि (मध्यप्रदेश संशोधन) अधिनियम, 2019 है।

(2) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन का तारीख से प्रवृत्त होगा।

अध्याय–दो

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 का संशोधन

2. **मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए रूप में केन्द्रीय अधिनियम, 1974 का संख्यांक 2 का संशोधन** – मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए रूप में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) (जो इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम के नाम से निर्दिष्ट है) को इसमें इसके पश्चात् उपबंधित रीति में संशोधित किया जाए।

3. **धारा 126 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 126 में, उपधारा (1) में, खण्ड (ग) में, पूर्ण विराम के स्थान पर, अल्प विराम स्थापित किया जाए और तत्पश्चात् निम्नलिखित खण्ड जोड़े जाएं, अर्थात् :–

''(घ) जहां धारा 125 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट ऐसा व्यक्ति या उसकी धर्मज या अधर्मज संतान सामान्यतः निवास करता है/ निवास करती है,

(ङ) जहां धारा 125 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) में निर्दिष्ट ऐसा व्यक्ति या उसके पिता या माता सामान्यतः निवास करता है/निवास करते हैं,

(च) जहां धारा 125 की उपधारा (1) के खण्ड (ङ) में निर्दिष्ट ऐसा व्यक्ति या उसके पितामह या मातामह सामान्यतः निवास करता है/निवास करते हैं।''

4. **धारा 273 का संशोधन** – (एक) पार्श्व शीर्ष के स्थान पर, निम्नलिखित पार्श्व शीर्ष स्थापित किया जाए, अर्थात् :–

''विचारण या अन्य कार्यवाही में साक्ष्य का लिया जाना'';

(दो) प्रारंभिक पैराग्राफ को उपधारा (1) के रूप में क्रमांकित किया जाए तथा इस प्रकार क्रमांकित उपधारा (1) के प्रारंभिक पैराग्राफ के स्थान पर, निम्नलिखित पैराग्राफ स्थापित किया जाए, अर्थात् :–

''(1) अभिव्यक्त रूप में जैसा उपबंधित है के सिवाय, विचारण या अन्य कार्यवाही के अनुक्रम में लिया गया सब साक्ष्य, साक्षी की वैयक्तिक उपस्थिति में या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से और अभियुक्त की वैयक्तिक उपस्थित में, या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से या, जब उसे वैयक्तिक हाजिरी से अभिमुक्त कर दिया गया है तब उसके अधिवक्ता की उपस्थिति में अभिलिखित किया जाएगा।'';

(तीन) उपधारा (1) के पश्चात्, निम्नलिखित नई उपधारा जोड़ी जाए, अर्थात् :–

''(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट साक्ष्य, उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर विरचित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार अभिलिखित किए जाएंगे।''

5 **धारा 278 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 278 में, उपधारा (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उपधारा स्थापित की जाए, अर्थात् :–

''(1) जैसे–जैसे प्रत्येक साक्षी का साक्ष्य जो धारा 275 या धारा 276 के अधीन लिया जाए, पूरा होता जाता है, वैसे–वैसे वह, यदि अभियुक्त हाजिर हो तो उसकी उपस्थिति में, या यदि वह अधिवक्ता द्वारा हाजिर हो तो उसके अधिवक्ता की उपस्थिति में, या जब अभियुक्त की उपस्थिति धारा 273 के अधीन श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से हो, तो साक्षी को पढ़कर सुनाया जाएगा और यदि आवश्यक हो तो शुद्ध किया जाएगा।''

6. **धारा 281 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 281 में,–

''(एक) उपधारा (2) में, शब्द ''जब कभी अभियुक्त की परीक्षा महानगर मजिस्ट्रेट से भिन्न किसी मजिस्ट्रेट या सेशन न्यायालय द्वारा की जाती है'' के स्थान पर, ''जब कभी अभियुक्त की परीक्षा उसकी वैयक्तिक उपस्थिति में या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से उसकी उपस्थिति में महानगर मजिस्ट्रेट से भिन्न किसी मजिस्ट्रेट या सेशन न्यायालय द्वारा की जाती है'' स्थापित किए जाए;

(दो) उपधारा (5) में, पूर्ण विराम के स्थान पर, कोलन स्थापित किया जाए और तत्पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाए, अर्थात् :–

''परन्तु यदि अभियुक्त की परीक्षा श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से की जाती है तो अभियुक्त के हस्ताक्षर की आवश्कता नहीं होगी,''

7. **धारा 291 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 291 में, उपधारा (1) में, शब्द ''अभियुक्त की उपस्थिति में,'' के स्थान पर, शब्द ''अभियुक्त की वैयक्तिक उपस्थिति में या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से उसकी उपस्थिति में'' स्थापित किए जाएं।

8. **धारा 305 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 305 में,–

(एक) उपधारा (3) में, शब्द ''प्रतिनिधि की हाजिरी में'' के स्थान पर शब्द '' प्रतिनिधि की वैयक्तिक उपस्थिति में या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से उसकी उपस्थिति में'' स्थापित किए जाएं;

(दो) उपधारा (4) के स्थान पर, निम्नलिखित उपधारा स्थापित की जाए, अर्थात् :–

''(4) जहां निगम का कोई प्रतिनिधि या तो वैयक्तिक रूप से या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से उपस्थित नहीं होता है, वहां कोई ऐसी अपेक्षा, जो उपधारा (3) में निर्दिष्ट

है, लागू नहीं होगी, किन्तु यदि वह श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से उपस्थित होता है, वहां कोई ऐसी अपेक्षा, जो उपधारा (3) में निर्दिष्ट है, लागू होगी।''

9. **धारा 317 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 317 में, निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जाए, अर्थात् :–

''स्पष्टीकरण.– इस धारा के प्रयोजन के लिए ''अभियुक्त की वैयक्तिक हाजिरी'' में श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से उसकी हाजिरी सम्मिलित होगी।''

10. **धारा 320 का संशोधन** – मूल अधिनियम की धारा 320 में, उपधारा (2) के नीचे सारणी में,–

(एक) कालम 1, 2 और 3 में, धारा 312 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के पहले निम्नलिखित धाराएं तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जाएं, अर्थात् :–

1	2	3
''बलवा	147	वह व्यक्ति, जिसके विरूद्ध अपराध कारित करते समय बल या हिंसा का प्रयोग किया गया है; परन्तु अभियुक्त ऐसे अन्य अपराध के लिए आरोपित नहीं किया गया है, जो शमनीय नहीं है.
अश्लील कार्य या अश्लील शब्दों का प्रयोग	294	वह व्यक्ति, जिसे क्षोभ कारित करने हेतु अश्लील कार्य किए गए थे या अश्लील शब्दों का प्रयोग किया गया था।'';

(दो) कालम 1, 2 और 3 में, धारा 494 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित धारा तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जाएं, अर्थात् :–

1	2	3
किसी स्त्री के पति या पति के नातेदार द्वारा उसके प्रति क्रूरता करना.	498–क	जिस स्त्री के साथ क्रूरता हुई :– परन्तु अपराध के शमन के लिए आवेदन के दिनांक से न्यूनतम छह माह की कालावधि व्यपगत हो गई हो और न्यायालय का, यदि यह समाधान हो जाता है कि शमन उस महिला के हित में है, तो वह आवेदन स्वीकार कर सकेगा जबकि कोई भी पक्षकार अनावर्ती कालावधि के भीतर ऐसे आवेदन को वापस नहीं ले लेता।'';

(तीन) कालम 1, 2 और 3 में, धारा 500 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित धारा तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जाएं, अर्थात् :–

1	2	3
''आपराधिक अभित्रास, यदि धमकी, मृत्यु या घोर उपहति इत्यादि कारित करने की हो।	धारा 506 का भाग–दो	वह व्यक्ति, जिसके विरूद्ध आपराधिक अभित्रास का अपराध कारित किया गया था।''

11. धारा 353 का संशोधन – मूल अधिनियम की धारा 353 में, उपधारा (5) के स्थान पर, निम्नलिखित उपधारा स्थापित की जाए, अर्थात् :–

''(5) यदि अभियुक्त अभिरक्षा में है, तो यथास्थिति, व्यक्तिगत रूप से या श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधनों के माध्यम से निर्णय सुनने के लिए उसे लाया जाएगा।''

12. धारा 390 का संशोधन. – मूल अधिनियम की धारा 390 में,–

(एक) पार्श्व शीर्ष, शब्द ''दोष मुक्ति से'' का लोप किया जाए;

(दो) शब्द तथा अंक ''जब धारा 378 के अधीन अपील उपस्थित की जाती है तब उच्च न्यायालय'' के स्थान पर, शब्द तथा अंक ''जब धारा 372 के परन्तुक या धारा 378 के अधीन अपील उपस्थित की जाती है तब उच्च न्यायालय या सेशन न्यायालय'' स्थापित किए जाएं।

13. धारा 451 का संशोधन. – मूल अधिनियम की धारा 451 उसकी उपधारा (1) के रूप में क्रमांकित की जाए और इस प्रकार क्रमांकित की गई उपधारा (1) के पश्चात्, निम्नलिखित नई उपधाराएं जोड़ी जाएं, अर्थात् :–

''(2) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई भी न्यायालय किसी ऐसी दुर्घटना जिसका परिणाम मृत्यु या शारीरिक रूप से उपहति या संपत्ति की क्षति हो, में अंतर्वलित मोटर यान को तब तक मुक्त नहीं करेगा जब तक कि ऐसा यान पंजीकृत स्वामी के नाम पर ली गई तृतीय पक्ष जोखिम के विरूद्ध बीमा पालिसी से आवृत्त नहीं हो या जब कि अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा मांगे जाने के बावजूद पंजीकृत स्वामी ऐसी बीमा पालिसी को प्रस्तुत करने में असफल रहता है जब तक कि पंजीकृत स्वामी न्ययालय के संतोषप्रद रूप से प्रतिकर या भुगतान करने के लिए ऐसी पर्याप्त प्रतिभूति प्रस्तुत न कर दे जो कि ऐसी दुर्घटना से उद्भूत दावा प्रकरण में अवार्ड की जा सके।

(3) जहां मोटर यान, तृतीय पक्ष जोखिम के विरूद्ध बीमा पालिसी से आवृत्त नहीं है, या जब मोटर यान का पंजीकृत स्वामी उपधारा (2) में उल्लिखित परिस्थितियों में ऐसी पालिसी की प्रति प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो मोटर यान, अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा यान कब्जे में लिए जाने की तारीख से तीन माह के समाप्त होने पर विहित रीति में, लोक नीलाम में विक्रय कर दिया जाएगा और उसके आगम, ऐसी दुर्घटना से उद्भूत होने वाले दावा प्रकरण में उस प्रतिकर के भुगतान के लिये जो दिया जा सकता है या दिया जा सकेगा, प्रश्नगत क्षेत्र में अधिकारिता रखने वाले दावा अभिकरण में पंद्रह दिन के भीतर जमा किए जाएंगे।''

14. धारा 457 का संशोधन.– मूल अधिनियम की धारा 457 में, उपधारा (2) के पश्चात्, निम्नलिखित नई उपधाराएं जोड़ी जाएं, अर्थात् :–

''(3) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई भी न्यायालय किसी ऐसी दुर्घटना जिसका परिणाम मृत्यु या शारीरिक रूप से उपहति या संपत्ति की क्षति हो, में

अंतर्वलित मोटर यान को तब तक मुक्त नहीं करेगा जब तक कि ऐसा यान पंजीकृत स्वामी के नाम पर ली गई तृतीय पक्ष जोखिम के विरूद्ध बीमा पालिसी से आवृत्त नहीं हो या जब कि अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा मांगे जाने के बावजूद पंजीकृत स्वामी ऐसी बीमा पालिसी को प्रस्तुत करने में असफल रहता है जब तक कि पंजीकृत स्वामी न्यायालय के संतोषप्रद रूप में प्रतिकर का भुगतान करने के लिए ऐसी पर्याप्त प्रतिभूति प्रस्तुत न कर दे जो कि ऐसी दुर्घटना से उद्‌भूत दावा प्रकरण में अवार्ड की जा सके।

(4) उपधारा (2) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां मोटर यान, तृतीय पक्ष जोखिम के विरूद्ध बीमा पालिसी से आवृत्त नहीं है, या जब मोटर यान का पंजीकृत स्वामी उपधारा (3) में उल्लिखित परिस्थितियों में ऐसी पालिसी की प्रति प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो मोटर यान, अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा यान कब्जे में लिए जाने की तारीख से तीन माह के समाप्त होने पर विहित रीति में, लोक नीलामी रीति में, लोक नीलामी में विक्रय कर दिया जाएगा और उसके आगम, ऐसी दुर्घटना से उद्‌भूत होने वाले दावा प्रकरण में उस प्रतिकर के भुगतान के लिये जो दिया जा सकता है या दिया जा सकेगा, प्रश्नगत क्षेत्र में अधिकारिता रखने वाले दावा अधिकरण में पन्द्रह दिन के भीतर जमा किए जाएंगे।''

15. **प्रथम अनुसूची का संशोधन**.– मूल अधिनियम की प्रथम अनुसूची में, शीर्षक ''1. भारतीय दंड संहिता के अधीन अपराध,'' के अधीन, कॉलम 6 में, धारा 317, 318, 392, 393, 394 तथा 435 के समक्ष, शब्द ''सत्र न्यायालय'' के स्थान पर, शब्द ''प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट'' स्थापित किए जाएं।''

स्पष्टीकरण.– इस संशोधन के प्रयोजन हेतु, यह स्पष्ट किया जाता है कि यह संशोधन सेशन न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों के विचारण को प्रभावित नहीं करेगा।

अध्याय–तीन

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का संशोधन

16. **मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए रूप में केन्द्रीय अधिनियम, 1872 का 1 का संशोधन**.– मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए रूप में भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) (जो इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम को नाम से निर्दिष्ट है) को इसके पश्चात् उपबंधित रीति में संशोधन किया जाएगा।

17. **धारा 65–ख का संशोधन**.– मूल अधिनियम की धारा 65–ख में, उपधारा (4) में, पूर्ण विराम के स्थान पर, कोलन स्थापित किया जाए और तत्पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाए, अर्थात् :–

''परंतु यदि न्यायालय श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक साधन, कम्प्यूटर या किसी अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण के माध्यम से साक्ष्य अभिलिखित करता है, तो इस उपधारा के उपबंध लागू नहीं होंगे।''

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार,
राजेश यादव, अतिरिक्त सचिव,

****

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर

मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, जबलपुर

ब्योहारबाग, जबलपुर (म.प्र.) - 482 007